● जयपुर, बुधवार, 17 जुलाई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 325 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 राजस्थान के सरपंच एक बार फिर आंदोलन की राह पर...

पेज @4 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खातियों की ढाणी...

पेज @8 » राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के दायित्व संभालने...

# राज्य सरकार प्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए कृतसंकल्पित

## डबल इंजन की सरकार पूरी तरह जनता के लिए समर्पित, शिलान्यास भी हम करेंगे और उद्घाटन भीः दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को राज्य विधान सभा में कहा कि हमने पहले बजट से ही दूरदर्शी सोच के साथ हर क्षेत्र के विकास का प्लान बनाया है। यह बजट विकसित राजस्थान के लिए है, जिसका जनता को पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दीर्घकालीन लक्ष्यों को ध्यान में रखकर यह बजट तैयार किया गया है, जिसमें प्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों तक ले जाने का प्रयास किया गया है।

उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री परिवर्तित बजट 2024-25 पर सामान्य वाद-विवाद का जवाब दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि आमजन के साथ ही विपक्ष के भी कई सदस्यों द्वारा बजट का खुले दिल से स्वागत किया गया है। लगभग 1.67 लाख सुझावों को शामिल कर बजट को समावेशी बनाया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरी तरह जनता के लिए समर्पित है और सभी बजट घोषणाएं समय पर पूरी की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की जनता से किये वादे पूरे किये जा रहे हैं। राज्य सरकार ने 2 माह की आदर्श चुनाव आचार संहिता की अवधि के बावजूद प्रदेश में विकास की गति को कायम रखा है।



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन से प्रदेश कर्ज के जाल में उलझ गया था, लेकिन अब कुशल वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से प्रदेश की आर्थिक सेहत सुधर रही है। पूर्ववर्ती सरकार में बढ़े राजकोषीय घाटे को कम किया गया है तथा राज्य सरकार इसे एफआरबीएम की सीमा में रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस बार देश की तरह प्रदेश में भी जीएसटी का सर्वाधिक संग्रहण हुआ है। राज्य सरकार राजस्व बढ़ाते हुए जनता से किये सभी वादे पूरे करेगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट को बहुत प्लानिंग के साथ तैयार किया गया है। इससे प्रदेश विकसित राज्यों की श्रेणी में आएगा। साथ ही, वंचित वर्ग के लोगों के चेहरों पर मुस्कान आएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उन्नत कृषि और खुशहाल किसान के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 66 लाख किसानों के बैंक खातों में 650 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि हस्तांतरित की गई है। राज्य सरकार ने पशुधन बीमा योजना का दायरा बढ़ाया है। साथ ही, पशुपालकों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना भी लागू की है।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि ईआरसीपी के लिए केन्द्र सरकार और मध्य प्रदेश सरकार के साथ एमओयू कर प्रथम चरण के लिए कार्यादेश भी जारी कर दिये गए हैं। वहीं, यमुना जल को लेकर केन्द्र सरकार और हरियाणा सरकार के साथ त्रिपक्षीय समझौता किया गया है।

उन्होंने कहा कि 33 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित करने की दिशा में राज्य अग्रसर है। इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों से एमओयू कर कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इससे प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी। वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में राज्य सरकार हैल्थ फॉर ऑल के सिद्धान्त पर काम कर रही है। वहीं, जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए भी राज्य सरकार संवेदनशील है। जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए गोविन्द गुरू जनजाति क्षेत्रीय विकास योजना प्रारम्भ की जा रही है।

उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सर्वजन के हित को अपना ध्येय मानकर सरकार गठन के पहले दिन से ही पूरी क्षमता से जुटी हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास में कोई कसर नहीं रखेगी। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न विभागों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।

### मुख़ालिफ़त से मेरी शख़्सियत संवरती है में विरोधियों का बड़ा अहतराम करती हूँः दिया कुमारी

बजट भाषण में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बीच-बीच में विपक्ष द्वारा टोका-टोकी पर "मुख़ालिफ़त से मेरी शख़्सियत संवरती है में विरोधियों का बड़ा अहतराम करती हूँ" शेर सुनाकर विपक्ष को संदेश दिया कि उनकी मुख़ालफ़त से उनकी शख़्सियत ही संवरेगी !

## बिहारः वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की धारदार हथियार से हत्या



दरभंगा/एजेंसी।

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी है। मंगलवार की सुबह उनका क्षत-विक्षत शव दरभंगा के बिरौल स्थित उनके आवास से बरामद हुआ।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक जीतन सहनी की हत्या धारदार हथियार से वार कर की गई है। शव पर कई जख्म के निशान हैं। घर का सामान भी बिखरा पड़ा है। वीआईपी के नेताओं के मुताबिक, मुकेश सहनी फिलहाल मुंबई में थे और घटना की जानकारी मिलने के बाद वे वहां से निकल गए हैं।

सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी मनीष चंद्र चौधरी ने बताया कि सूचना मिली थी कि पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की घर में हत्या कर दी गई है। घटनास्थल का जायजा लिया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि कोई शख्स चोरी के इरादे से घर में घुसा था। पहले उसने जीतन सहनी को नुकसान पहुंचाया और उसके बाद हत्या कर दी। दरभंगा पुलिस ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की आज हुई हत्या के मामले की छानबीन के लिए विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन कर दिया।

## आधी रात ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर के घर क्यों पहुंची पुलिस? 2 घंटे तक चली पूछताछ

मुंबई/एजेंसी।

महाराष्ट्र में तैनात ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मसीबतें बढ़ती जा रही हैं। पूजा पर कई तरह के झूठ बोलकर सिविल सेवा परीक्षा में आईएएस की नौकरी हासिल करने का आरोप है। इस बीच, पुलिस ने देर रात पूजा खेडकर के वाशिम जिले के आवास पर पहुंची और करीब दो घंटे वहां छानबीन और पूछताछ करती रही। पुलिस रात करीब 1:30 बजे पूजा के घर से बाहर आई और अपने वैन में सवार होकर चली गई। इस टीम में 6 सदस्य थे।

टीम ने उनसे क्या सवाल किया, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है। बस ये जानकारी सामने आई है कि पूजा ने वाशिम कलेक्टर बुवनेस्वरी एस. से इजाजत लेकर पुलिस को कुछ जानकारी शेयर करने के लिए बुलाया था।

**न्यूज़ अपडेट**

### सीएम योगी ने बुलडोजर एक्शन पर लगाई रोक, सैकड़ों परिवारों को मिली राहत

**लखनऊ/एजेंसी।** लखनऊ के पंत नगर, खुर्रम नगर और अबरार नगर में रहने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंत नगर, खुर्रम नगर और अबरार नगर में कुकरैल नदी के किनारे बने मकानों को नहीं गिराने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा 35 मीटर की चौड़ाई पर्याप्त है, इस सीमा के भीतर कोई भी संरचना प्रभावित नहीं होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई है।

### नई दिल्ली में बांग्लादेशी उपायुक्तों के लिए कैपेसिटी बिल्डिग प्रोग्राम

**नई दिल्ली/एजेंसी।** राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी) ने 15 जुलाई से दिल्ली में सार्वजनिक नीति और शासन पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम शुरू किया है। खास बात यह है कि एक सप्ताह का यह स्पेशल प्रोग्राम बांग्लादेश के 16 उपायुक्तों के लिए शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भारत के जिला कलेक्टरों द्वारा किए गए बेहतरीन कार्यों पर भी चर्चा हुई।


# जम्मू के डोडा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ सेना के एक अधिकारी समेत चार जवान शहीद

जम्मू/एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ पूरी रात चली मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक अधिकारी समेत चार सैन्यकर्मियों ने मंगलवार को दम तोड़ दिया।

इससे पहले, अधिकारियों ने बताया था कि सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात डोडा में एक वन क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैन्य अधिकारी और एक पुलिसकर्मी समेत पांच सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें से चारों सैन्यकर्मी शहीद हो गये, जबकि घायल पुलिसकर्मी जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है।

एक अधिकारी ने बताया, मुठभेड़ तब शुरू हुई जब राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) के जवानों ने कल




(सोमवार) शाम करीब 7.45 बजे देसा वन क्षेत्र के धारी गेट उरारबागी में सीएएसओ (घेराबंदी और तलाशी अभियान) शुरू किया। शुरू में 20 मिनट से अधिक समय तक चली गोलीबारी में एक अधिकारी समेत चार सैन्यकर्मी और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्होंने कहा, इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है। डोडा जम्मू संभाग के उन घने जंगलों वाले पहाड़ी जिलों में से एक है, जहां आतंकवादी गुरिल्ला हमले कर रहे हैं।

## राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख को दी कार्रवाई की खुली छूट

### हेलीकॉप्टर से जंगल में छुपे आतंकियों की तलाश शुरु

नई दिल्ली/एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ सोमवार शाम शुरू हुई मुठभेड़ रात भर चलती रही। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी और सेना के एक अधिकारी और चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए हैं। इसे लेकर अब सरकार सख्त एक्शन के मूड में नजर आ रही है। जानकारी के मुताबिक, रक्षा मंत्री राजनाथ



सिंह ने सेना प्रमुख से बात की है और मामले का संज्ञान लिया है। खबर है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख को आतंक के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट दी है।

उधर, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों की तलाश के लिए सेना के हेलीकॉप्टर की मदद ली जा रही है। आतंकवादी डोडा के घने जंगलों में छिपे हैं। सेना और पुलिस के जवान वहां पहले से सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। आतंकवादियों को चारों तरफ से घेरने के लिए अब हेलीकॉप्टर से भी तलाशी शुरू कर दी गई है।

## हाई स्पीड स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकराई, 6 की मौत

पटना/एजेंसी।

बिहार के पटना जिले में बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर ओवरब्रिज के नज़दीक आज तड×के तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो के सड़क किनारे खड़े हाइवा से टकराने से छह लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो की स्पीड 100 किमी/प्रति घंटा था। बाढ़ (दो) के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अभिषेक सिंह ने मंगलवार को बताया कि नवादा से बख्तियारपुर की ओर आ रही स्कॉर्पियो राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के किनारे खड़े हाइवा से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो पर सवार कुल 11 लोगों में चार की मौके पर ही मौत हो गई।श्री सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सात लोगों को बख्तियारपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। चिकित्सकों ने घायलों को बेहतर इलाज की लिए पटना चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर किया, जहां एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। एसडीपीओ ने बताया कि अन्य पांच घायलों का इलाज चल रहा है।

उन्होंने बताया कि घटना के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्कॉर्पियो के चालक को नींद आ गई या अन्य कारण से दुर्घटना हुई इसका पता लगाया जा रहा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। मृतकों की पहचान की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नवादा जिले के हिसुआ से एक स्कॉर्पियो आ रही थी। इस पर 11 लोग सवार थे। सभी बाढ़ के उमानाथ घाट गंगा स्नान करने जा रहे थे। इस दौरान बख्तियारपुर फोरलेन पर सड़क के किनारे खड़ी एक हाइवा से जा टकराई।



## नवी मुंबई में एक्सप्रेस-वे पर बस दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत, 49 घायल

मुंबई/एजेंसी।

मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर नवी मुंबई के इलाके में बीती रात एक एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोगों की मौत हो गई और 49 अन्य घायल हो गये। घायलों में सात-आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना सोमवार-मंगलवार आधी रात के बाद करीब एक बजे की है।



बस में सवार सभी लोग डोंबिवली, नीलजे लोढ़ा के रहने वाले थे। वे भगवान विठ्ठल के दर्शन के लिए पनवेल से पंढरपुर जा रहे थे। बस एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रैक्टर से टकरा गई।

# नये कानून से बुजुर्ग माता-पिता की सुध लेने की सार्थक पहल

देश में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना बढ़ती जा रही है, बच्चे अपने माता–पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते, वे उनके जीवन–निर्वाह की जिम्मेदारी भी नहीं उठाना चाहते हैं, जिससे भारत की बुजुर्ग पीढ़ी का जीवन नरकमय बना हुआ है, वृद्धजनों की पल–पल की घुटन, तनाव, जीवन–निर्वाह करने की जटिलता एवं उपेक्षा को लेकर समय–समय पर जहां न्यायालयों ने अपनी चिन्ता जतायी है, वहीं सरकार ने कानून बनाकर बुजुर्गों को उन्नत एवं शांति देने के प्रयास किये हैं, लेकिन इसके बावजूद वृद्ध लोगों का जीवन कष्टमय एवं जटिल बना हुआ है।

वृद्ध माता–पिता की देखभाल एवं भरण–पोषण की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा–भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता–पिता की देखभाल के लिये बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नये कानून लाने की तैयारी में है। माता–पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश निश्चित रूप से सामाजिक एवं पारिवारिक ताने–बाने में वृद्धों को सम्मानजनक जीवन देने की सार्थक एवं सराहनीय कोशिश है। इस समय देश में करीब 10.5 करोड़ बुजुर्ग लोग हैं और 2050 तक इनकी संख्या 32.4 करोड़ तक पहुंच जाएगी। भारत सहित 64 ऐसे देश होंगे जहाँ 30 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष से अधिक उम्र की होगी। एकल परिवार के दौर में बुजर्गों की देखभाल और भरण पोषण एक बड़ी समस्या के तौर पर उभर रही है ऐसे में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुजुर्गों की देखभाल के लिये मेंटिनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पैरंट्स एंड सीनियर सिटिजन एक्ट 2007 में संशोधन की पहल की है, नये बिल के मुताबिक अब घर के बुजुर्गों की जिम्मेदारी सिर्फ बेटे ही नहीं, बल्कि बहू–दामाद, गोद लिए गए बच्चे, सौतेले बेटे और बेटियों की भी होगी। बिल लाने का मकसद बुजुर्गों का सम्मान सुनिश्चित करना है।

पहले वृद्ध माता–पिता अपनी संतानों से दस हजार रुपये तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। नये विधेयक के अनुसार अब माता–पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता–पिता व बुजुर्गों को त्यागने या दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की भी तैयारी है। ऐसा सामाजिक संगठनों से विमर्श के बाद किया गया है। क्योंकि लंबी सजा से माता–पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। भारतीय संस्कृति एवं सभी धार्मिक ग्रंथों में माता पिता को भगवान का रूप माना गया है और उनकी निःस्वार्थ सेवा करने की बात कही गयी है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग अपने बुजुर्ग माता–पिता की सेवा करना तो दूर उल्टा उन्हें परेशान करते रहते हैं।

विभिन्न राज्यों की सरकारें बुजुर्ग आत्म–सम्मान के लिए नये कानून बना रही है। उत्तरप्रदेश में योगी सरकार अब बुजुर्ग मां–बाप की संपत्ति हड़प कर उन्हें बेदखल करने वाले बच्चों के खिलाफ सख्त कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत माता–पिता की संपत्ति हड़प कर उन्हें घर से बाहर निकलने वाले बेटे–बेटियों की खैर नहीं होगी। कुछ दूसरी तरह से असम सरकार ने वृद्धों की उपेक्षा पर विराम लगाने की दृष्टि से ही राज्य कर्मचारियों के लिए नवंबर में दो विशेष अवकाश शुरू किए हैं, ताकि वे अपने माता–पिता या सास–ससुर के साथ समय बिता सकें। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी घोषणा में परिवार के महत्व पर जोर दिया। 6 और 8 नवंबर को मिलने वाली ये विशेष छुट्टियां कर्मचारियों को उनके बुजुर्ग माता–पिता या सास–ससुर से जुड़ने के लिए हैं। इसका उद्देश्य परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के प्रति सम्मान और देखभाल दिखाना है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी घोषणा में परिवार के महत्व पर जोर देते हुए कहा है कि 'माता–पिता का आशीर्वाद हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। एक आदर्श नागरिक के रूप में, अपने माता–पिता की भलाई सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है।'

असम सरकार ने पूर्व में राज्य विधानसभा ने असम कर्मचारी माता–पिता जिम्मेदारी एवं जवाबदेही तथा निगरानी नियम विधेयक, 2017 या प्रणाम विधेयक भी पारित कर चुकी है। इसका मकसद यह सुनिश्चत करना है कि राज्य सरकार के कर्मचारी अपने वृद्ध हो रहे माता–पिता या शारीरिक रूप से अशक्त भाई–बहन की देखभाल करें नहीं तो उनके वेतन से पैसे काट लिए जाएंगे। पूरे देशभर के लोग इस कानून को असम सरकार का एक अच्छा कदम बताया। नियमों के तहत अगर कोई व्यक्ति (सरकारी कर्मचारी) उसपर निर्भर माता–पिता की देखभाल नहीं करता तो उसके कुल वेतन का 10 प्रतिशत हिस्सा काट लिया जाएगा और वह राशि माता–पिता के खाते में डाल दी जाएगी। दिव्यांग (शारीरिक रूप से अशक्त) भाई–बहन होने की स्थिति में वेतन से 15 प्रतिशत तक हिस्सा काट लिया जाएगा।

अब केंद्र सरकार द्वारा 2007 के कानून में बदलाव लाकर, नये विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिये विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था। कालांतर 17वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के कारण विधेयक निष्प्रभावी हो गया था। जिसके बाद अब सरकार नये सिरे से इस विधेयक को संसद में लाने की तैयारी में है।

उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में कई नये प्रावधानों को जोड़ा गया है। विधेयक में प्रत्येक जिले में बुजुर्गों की गणना, मेडिकल सुविधाओं से लैस वृद्ध आश्रम व जिला स्तर पर एक सेल गठित करने जैसे प्रावधान हैं। संतान द्वारा बुजुर्गों की आवश्यकताओं को पूरा न करना गरिमा के साथ स्वतंत्र जीवन जीने जैसे मानवाधिकारों का हनन है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने की दृष्टि से नया कानून प्रभावी कदम है, इससे बच्चों की अपने माता–पिता की उपेक्षा पर विराम लग सकेगा। सभी के लिये बुजुर्ग पीढ़ी के लिए सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी ही चाहिए।


# चातुर्मास है संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर



ललित गर्ग

भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा में चातुर्मास का विशेष महत्व है। विशेषकर वर्षाकालीन चातुर्मास का। हमारे यहां मुख्य रूप से तीन ऋतुएँ होती हैं– ग्रीष्म, वर्षा और शरद। वर्ष के बारह महीनों को इनमें बाँट दें, तो प्रत्येक ऋतु चार–चार महीने की हो जाती है। वर्षा ऋतु के चार महीनों के लिए 'चातुर्मास' शब्द का प्रयोग होता है। चार माह की यह अवधि साधना–काल होता है, जिसमें आत्मावलोकन एवं आत्मशुद्धि की एक ही स्थान पर रहकर साधना की जाती है। हिन्दू धर्म और विशेषतः जैन धर्म में इन चार महीने सावन, भाद्रपद, आश्विन और कार्तिक में उपवास, व्रत और जप–तप का विशेष महत्व होता है। हिन्दू धर्म में देवशयनी एकादशी से ही चातुर्मास की शुरुआत होती है जो कार्तिक के देव प्रबोधिनी एकादशी तक चलती है, जबकि जैन धर्म में आषाढ़ी गुरु पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक चलता है। इस समय में श्री हरि विष्णु योगनिद्रा में लीन रहते हैं इसलिए किसी भी शुभ कार्य को करने की मनाही होती है। इसी अवधि में ही आषाढ़ के महीने में भगवान विष्णु ने वामन रूप में अवतार लिया था और राजा बलि से तीन पग में सारी सृष्टी दान में ले ली थी। उन्होंने राजा बलि को उसके पाताल लोक की रक्षा करने का वचन दिया था। फलस्वरूप श्री हरि अपने समस्त स्वरूपों से राजा बलि के राज्य की पहरेदारी करते हैं। इस अवस्था में कहा जाता है कि भगवान विष्णु निद्रा में चले जाते हैं।

वास्तव में पुराने समय में वर्षाकाल पूरे समाज के लिए विश्राम काल बन जाता था किन्तु संन्यासियों, श्रावकों, भिक्षुओं आदि के संगठित संप्रदायों ने इसे साधना काल के रूप में विकसित किया। इसलिए वे निर्धारित नियमानुसार एक निश्चित तिथि को अपना वर्षावास या चातुर्मास शुरू करते थे और उसी तरह एक निश्चित तिथि को उसे समाप्त करते थे। जैन परम्परा में आषाढ़ी पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक का समय तथा वैदिक परम्परा में आषाढ़ से आसोज तक का समय चातुर्मास कहलाता है। धन–धान्य की अभिवृद्धि के कारण उपलब्धियों भरा यह समय स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार, आत्म–वैभव को पाने एवं अध्यात्म की फसल उगाने की दृष्टि से भी सर्वोत्तम माना गया है। इसका एक कारण यह है कि निरंतर पदयात्रा करने वाले जैन साधु–संत भी इस समय एक जगह स्थिर प्रवास करते हैं। उनकी प्रेरणा से धर्म जागरणा में वृद्धि होती है। जन–जन को सुखी, शांत और पवित्र जीवन की कला का प्रशिक्षण मिलता है। गृहस्थ को उनके सान्निध्य में आत्म उपासना का भी अपूर्व अवसर उपलब्ध होता है। यों तो हर व्यक्ति को जीने के लिये तीन सौ पैंसठ दिन हर वर्ष मिलते हैं, लेकिन उनमें वर्षावास की यह अवधि हमें जागते मन से जीने को प्रेरित करती है, इसके लिये जैन धर्म में विशेष आध्यात्मिक अनुष्ठान एवं उपक्रम किये जाते हैं। यह अवधि



चरित्र निर्माण की चौकसी का आव्हान करती है ताकि कहीं कोई कदम गलत न उठ जाये। यह अवधि एक ऐसा मौसम और माहौल देती है जिसमें हम अपने मन को इतना मांज लेने को अग्रसर होते हैं कि समय का हर पल जागृति के साथ जीया जा सके। संतों के लिये यह अवधि ज्ञान–योग, ध्यान–योग और स्वाध्याय–योग के साथ आत्मा में अवस्थित होने का दुर्लभ अवसर है। वे इसका पूरा–पूरा लाभ लेने के लिये तत्पर होते हैं। वे चातुर्मास प्रवास में अध्यात्म की ऊंचाइयों का स्पर्श करते हैं, वे आधि, व्याधि, उपाधि की चिकित्सा कर समाधि तक पहुंचने की साधना करते हैं। वे आत्म–कल्याण ही नहीं पर–कल्याण के लिये भी उत्सुक होते हैं। यही कारण है कि श्रावक समाज भी उनसे नई जीवन दृष्टि प्राप्त करता है। स्वस्थ जीवनशैली का निर्धारण करता है। हम सही अर्थों में जीना सीखें। औरों को समझना और सहना सीखें। जीवन मूल्यों की सुरक्षा के साथ सबका सम्मान करना भी जानें। इसी दृष्टि से वर्षाकाल है प्रशिक्षण का अनूठा अवसर। यह अवसर जहां प्रकृति के अणु–अणु में प्राणवत्ता का संचार करता है, भूगर्भगत उर्वरता की अनंत संभावनाओं को उभार देता है, वहां वह व्यक्ति और समाज की आध्यात्मिक चेतना को जगाने एवं संस्कार बीजों को बोने और उगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह इंसान को इंसान बनाने एवं स्वस्थ जीवन–शैली की स्थापना का उपक्रम है। जिसमें संतों के साथ–साथ श्रावक भी अपने जीवन को उन्नत बनाने को प्रेरित होता है। संतों के अध्यात्म एवं शुद्धता से अनुप्राणित आभामंडल समूचे वातावरण को शांति, ज्योति और आनंद के परमाणुओं से भर देता है। इससे जीवन–रूपी सारे रास्ते उजालों से भर जाते हैं। लोक चेतना शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक तनावों से मुक्त हो जाती है। उसे द्वंद्व एवं दुविधाओं से त्राण मिलता है। भावनात्मक स्वास्थ्य उपलब्ध होता है। संत धरती के कल्पवृक्ष होते हैं। संस्कृति के प्रतीक, परम्परा के संवाहक, जीवन कला के मर्मज्ञ और ज्ञान के रत्नदीप होते हैं। उनके सामीप्य में संस्कृति, परम्परा, इतिहास, धर्म और दर्शन का व्यवस्थित प्रशिक्षण लिया जा सकता है। उनका उपदेश किसी की ज्ञान चेतना को जगाता है तो किसी की विवेक चेतना को विकसित करता है। किसी को आत्महित में प्रवृत्त करता है तो किसी को चित्तगत संक्लेशों से निवृत्त करता है। ठीक इसी तरह श्रावक भी संवेदनाओं एवं करुणाशीलता के फैलाव के लिये जागरूक बनते हैं। यह इस अवधि और इसकी साधना का ही प्रभाव है कि श्रावक की संवेदनशीलता इतनी गहरी और पवित्र हो जाती है कि वह अपने सुख की खोज में किसी को सुख से वंचित नहीं करता। किसी के प्रति अन्याय, अनीति और अत्याचार नहीं होने देता। यहां तक की वह हरे–भरे वृक्षों को भी नहीं काटता और पर्यावरण को दूषित करने से भी वह बचता है।

चातुर्मास का महत्व शांति और सौहार्द की स्थापना के साथ–साथ भौतिक उपलब्धियों के लिये भी महत्वपूर्ण माना गया है। इतिहास में ऐसे अनेक प्रसंग हैं, जहां चातुर्मास या वर्षावास और उनमें संतों की गहन साधना से अनेक चमत्कार घटित हुए है। यह अवधि जिसमें कुछ व्यक्ति सामूहिक रूप से ध्यान, साधना, तपोयोग या मंत्र अनुष्ठान करना चाहें, उनके लिये उपहार की भांति है। जिस क्षेत्र की स्थिति विषम हो। जनता विग्रह, अशांति, अराजकता या अत्याचारी शासक की क्रूरता की शिकार हो, उस समस्या के समाधान हेतु शांति और समता के प्रतीक साधु–साध्वियों का चातुर्मास वहां करवाया जाकर परिवर्तन को घटित होते हुए देखा गया है। क्योंकि संत वस्तुतः वही होता है जो औरों को शांति प्रदान करे। बाहर–भीतर के वातावरण को शांति से भर दे। जो स्वयं शांत रस में सराबोर रहता है तथा औरों के लिए सदा शांति का अमृत छलकाता रहता है। एक तरह से अध्यात्म एवं पवित्र गुणों से किसी क्षेत्र और उसके लोगों को अभिस्नात करने के लिये चातुर्मास एक स्वर्णिम अवसर है।

वर्षावास जैन परम्परा में साधना का विशेष अवसर माना जाता है। इसलिए इस काल में वे आत्मा से परमात्मा की ओर, वासना से उपासना की ओर, अहं से अर्हम् की ओर, आसक्ति से अनासक्ति की ओर, भोग से योग की ओर, हिंसा से अहिंसा की ओर, बाहर से भीतर की ओर आने का प्रयास करते हैं। वह क्षेत्र सौभाग्यशाली माना जाता है, जहां साधु–साध्वियों का चातुर्मास होता है। उनके अध्यात्म प्रवचन ज्ञान के स्रोत तथा जीवन के मंत्र सूत्र बन जाते हैं। उनके सान्निध्य का अर्थ है– बाहरी के साथ–साथ आंतरिक बदलाव घटित होना। जीवन को सकारात्मक दिशाएं देने के लिये चातुर्मास एक सशक्त माध्यम है। यह आत्म–निरीक्षण का अनुष्ठान है। यह महत्वाकांक्षाओं को थामता है। इन्द्रियों की आसक्ति को विवेक द्वारा समेटता है। मन की सतह पर जमी राग–द्वेष की दूषित परतों को उघाड़ता है। करणीय और अकरणीय का ज्ञान देता है तभी जीवन की दिशायें बदलती है। चातुर्मास संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर है। जरूरत है इस सांस्कृतिक परम्परा को अक्षुण्ण बनाने की। ऐसी परम्पराओं पर हमें गर्व और गौरव होना चाहिए कि जहां जीवन की हर सुबह सफलताओं की धूप बांटें और हर शाम चारित्र धर्म की आराधना के नये आयाम उद्घाटित करें। क्योंकि यही अहिंसा, शांति और सह–अस्तित्व की त्रिपथगा सत्यं, शिवं, सुंदरम् का निनाद करती हुई समाज की उर्वरा में ज्योति की फसलें उगाती है।

# संविधान हत्या दिवस की आवश्यकता क्यों?



मृत्युंजय दीक्षित

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने एक झूठा नैरेटिव व्यापक स्तर पर चलाया था कि अगर केंद्र में नरेन्द्र मोदी इस बार 400 सीटों के साथ सरकार बनाने में सफल हो जाते हैं तो संविधान बदल दिया जाएगा तथा भविष्य में फिर कोई चुनाव नहीं होगा। इस झूठ ने चुनाव को प्रभावित किया और भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत नहीं ला पाई। चुनाव के बाद संसद के प्रथम सत्र में इंडी गठबंधन के नेता संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते दिखाई दिए। संविधान की सुरक्षा को लेकर देश में तीखी राजनीतिक बहस चल रही है। राहुल गांधी, अखिलेश यादव और शशि थरूर आदि ने संविधान के इसी पॉकेट साइज संस्करण को हाथ में लेकर शपथ ली। विपक्ष का इरादा आगामी विधानसभा चुनाव में भी संविधान की रक्षा करने का नैरेटिव चलाने का है, क्योंकि अब उसे लग रहा है कि संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र की रक्षा के झूठे नैरेटिव के सहारे ही भाजपा का विजय रथ रोका जा सकता है। संविधान की रक्षा के नाम पर दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों आदि को भाजपा से दूर किया जा सकता है। इस वर्ष देश को कांग्रेस द्वारा आपातकाल के अंधेरे में झोंकने के भी पचास वर्ष हो रहे हैं। संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते लोगों को वास्तविकता का स्मरण कराते हुए संसद के प्रथम संक्षिप्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को याद करते हुए कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष को आईना दिखा दिया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में आपातकाल को सबसे बड़ा काला अध्याय बताया था। आपातकाल कांग्रेस व उसके सहयोगियों की एक दुखती रग है। लोकसभा अध्यक्ष आपातकाल की भर्त्सना का प्रस्ताव लाए और सदन में दो मिनट का मौन रखा। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की राजनीति के सबसे काले अध्याय आपातकाल से वर्तमान और भारी पीढ़ियों को अवगत कराने के लिए अब केंद्र सरकार ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हुए इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है, क्योंकि जन सामान्य जिसने आपातकाल का दौर नहीं देखा उसे पता होना चाहिए कि संविधान बदलना और उससे खिलवाड़ करना वास्तव में क्या होता है, जो कांग्रेस ने आज से पचास साल पहले किया था। संविधान हत्या दिवस की अधिसूचना आने के बाद अब हर वर्ष 25 जून को कांग्रेस के काले कारनामे जनता को याद दिलाए जायेंगे स्वाभाविक है इससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन असहज है और अनापशनाप बयानबाजी कर रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे गुट के संजय राऊत तक सभी बहुत ही विकृत बयान दे रहे हैं। इनका कहना है कि जिस घटना को 50 वर्ष हो चुके हैं भाजपा उसे क्यों याद रखना चाहती है? इनका तर्क माने तो फिर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस भी नहीं मनाना चाहिए क्योंकि उसके तो पचहत्तर वर्ष बीत गए हैं? कुतर्क कांग्रेस का चरित्र बन गया है। वास्तविकता यह है कि 25 जून हर उस व्यक्ति और परिवार के घाव पर मरहम लगाने और स्मरण करने का दिन है जो इंदिरा गांधी की सत्ता लोलुपता के लिए लगाए गए आपातकाल की क्रूरता का पीड़ित है। इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए जिस तरह संविधान का गला घोंटा था वह संविधान की हत्या के रूप में ही याद किया जा सकता है। उस दौरान देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पूरी तरह से छीन लिया गया था। लाखों लोगों को बिना कारण जेल भेज दिया गया था। जेल में लोगों पर क्रूर अमानवीय अत्याचार किए गए थे। लाखों परिवारों को आपातकाल में अथाह दुःख सहन करना पड़ा था। इस दौरान सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं ने भयंकर भ्रष्टाचार किया और देश की संपत्ति को अंग्रेजों और मुगल आक्रमणकारियों की तरह लूटी गई। चाहे फिल्म और संगीत जगत रहा हो या समाचार जगत या फिर राजनीति कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं बचा था जहां आपातकाल के अत्याचार न पहुंचे हों। डर और कुंठा के उस माहौल को क्यों भूल जाना चाहिए? देश को पता चलना चाहिए कि आपातकाल और तानाशाह क्या होता है जिससे कोई भी व्यक्ति कभी भी इंदिरा गांधी जैसी हरकत दोबारा न कर सके। जो सबसे जघन्य अपराध संविधान के साथ हुआ वह था उसकी आत्मा की हत्या करके उसकी प्रस्तावना में पंथ निरपेक्ष और समाजवाद शब्द जोड़ा जाना, यह तुष्टीकरण का सबसे घृणित उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हिटलर कहने वाली कांग्रेस की रग–रग में तानाशाही भरी है। एक समय था जब कांग्रेस समाज के हर वर्ग को अपनी इच्छा के अनुरूप ही नियंत्रित करती थी फिर वह चाहे कार्यपालिका हो, न्यायपालिका या फिर मीडिया और मनोरंजन जगत। राज्यों में गैरकांग्रेसी सरकारों को ताश के पत्तों के घर की तरह गिरा दिया जाता था। कांग्रेस ने केवल 25 जून को ही संविधान की हत्या नहीं की अपितु कई अवसरों पर संविधान का गला घोंटा। गांधी परिवार ने कई बार देश की न्यायपालिका के आदेशों को खारिज करवाया जिसमें शाहबानो प्रकरण की चर्चा अभी भी हो रही है। कांग्रेस के आपातकाल में सबसे अधिक संविधान संशोधन किए गए थे और जमकर मुस्लिम तुष्टिकरण का खेल भी खेला गया।

राहुल गांधी अपने पूर्वजों की राह पर चलते हुए वर्तमान समय में भी तानाशाही रवैया अपना रहे हैं और देश में अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हैं। अठारहवीं लोकसभा के के प्रथम सत्र में देश के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री को बोलने से रोकने के लिए गजब का हंगामा किया गया। नेता प्रतिपक्ष ने स्वयं सांसदों को वेल में जाकर हल्ला मचाने को बाध्य किया। ये किसी भी स्थिति में स्वस्थ लोकतंत्र का परिचायक नहीं है और कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता दिखता है। कुछ लोग संविधान हत्या दिवस नामकरण का विरोध कर रहे हैं कि यह नाम उचित नहीं है जबकि यह नाम पूरी तरह से सही भी है और एकदम सटीक भी क्योंकि कांग्रेस लगातार संविधान की हत्या ही करती आ रही है। 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या के विवादित ढांचे के टूट जाने के बाद भाजपा शासित चार राज्यों की चुनी हुई सरकार को बिना कारण बर्खास्त कर दिया गया था। शिवसेना नेता संजय राऊत तो दो कदम आगे निकलकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी पर ही आरोप लगा रहे हैं कि वह भी आपातकाल लगा सकते थे। संजय राऊत यह बात भूल गए हैं कि यह अटल जी ही हैं जिन्होंने गठबंधन राजनीति में भी शुचिता की पराकाष्ठा स्थापित की और किसी भी प्रकार का गलत गठबंधन नहीं किया, अपितु अपनी सरकार के एक वोट से गिरने पर सीधे इस्तीफा देने राष्ट्रपति भवन चले गये थे। केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करके एक तीर से कई निशाने साधे हैं। इससे जहां एक ओर कांग्रेस असहज हुई है वहीं जो लोग केंद्र सरकार को बहुत कमजोर समझ रहे थे वो भी सकते में हैं साथ ही आपातकाल के बाद जन्मी पीढ़ी इसके विषय में जानने को उत्सुक दिख रही है।

# अमेरिका में गन कल्चर हावी, इसी का नतीजा है ट्रंप पर हमला!



मनोज कुमार अग्रवाल

दुनिया का सबसे ताकतवर देश आज दहशत में है। अमेरिका में अचानक वो हो गया जो किसी ने शायद सोचा भी नही था। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला होना मामूली घटना नहीं है। चुनावी रैली में मौत उनको जिस तरह छू कर निकल गई। अमेरिका समेत सारी दुनिया सन्न रह गई। कई अलग–अलग थ्योरी पर चर्चा हो रही है– दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क अमेरिका में इतना बड़ा हमला हो गया, पूर्व राष्ट्रपति को सरेआम गोली मार दी गई लेकिन अभी तक उसके मकसद का पता नहीं चला है। यहां एक बड़ा सवाल है और इसका जवाब न तो राष्ट्रपति बाइडन के पास है और न ही अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई के पास है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले के बाद देश को दिशा दिखाई। इस दौरान उन्होंने कई बातें कहीं है। दुनिया का सबसे ताकतवर मुल्क आज दहशत में है। अमेरिका में अचानक आज वो हो गया जो किसी ने शायद सोचा भी नही था। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले के दौरान भी जिस जिंदा दिली और साहस का परिचय दिया वह अद्वितीय है। हमले के बाद भी वह सभा को संबोधित करना चाहते थे लेकिन सीक्रेट सर्विस के लोगों ने उन्हें तुरंत अपने सुरक्षा घेरे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। हमले पर अपनी प्रतिक्रिया में ट्रंप ने कहा, 'सबसे अविश्वसनीय बात यह थी कि मैंने न केवल अपना सिर घुमाया, बल्कि बिल्कुल सही समय पर और सही घुमाने से मेरी जान बच गई।इस के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'मैं तो मरने वाला था, मुझे तो यहां नहीं होना चाहिए था।' उन्होंने पूरी घटना को "अवास्तविक अनुभव" बताया है। चूंकि हमलावर मारा गया है इसलिए यह जानना कठिन हो सकता है कि ट्रंप को निशाना बनाने के पीछे उसका उद्देश्य क्या था, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि यह घटना उस विषाक्त राजनीतिक वातावरण का परिणाम जान पड़ती है जो अमेरिका में पिछले कुछ समय से व्याप्त है। चिंता की बात यह है कि यह विषाक्त राजनीतिक वातावरण दिन–प्रतिदिन गहराता जा रहा है। अमेरिका इस समय राजनीतिक और वैचारिक रूप से इतना अधिक विभाजित है कि उसका दुष्प्रभाव पूरे समाज पर पड़ रहा है। किसी भी लोकतंत्र के लिए यह स्थिति ठीक नहीं, लेकिन इसमें संदेह है कि अमेरिका में वैचारिक विभाजन थमेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक हमले पर कोई प्रेरक पता नहीं चला है। इसके साथ ही बिडेन ने देशवासियों से एक विशेष अपील भी की है।

बाइडन ने कहा कि मैं आज आपसे अपनी राजनीति में तापमान कम करने और यह याद रखने की आवश्यकता के बारे में बात करना चाहता हूं कि भले ही हम उतने ही हों, हम दुश्मन नहीं हैं। हम पड़ोसी हैं, मित्र हैं, प्रभावित हैं, नागरिक हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम साथी अमेरिकी हैं। बाइडन ने इसी के साथ कहा कि शुक्र है कि गोली छूकर निकले और वह ज्यादा घायल नहीं होते। बाइडन ने आगे कहा कि शूटर का मकसद अभी तक पता नहीं चला है। हम उसकी राय या संबद्धता नहीं जानते। हमें नहीं पता कि उसे मदद या समर्थन मिला था या नहीं, लेकिन जांच चल रही है और सब सामने आएंगे। ट्रंप



पर हमले के 24 घंटे बाद ओवल ऑफिस से देश के नाम संदेश में बाइडन ने कहा कि मैं नागरिकों से संकट की इस घड़ी में एकजुट होने का आग्रह करता हूं। बाइडन ने कहा कि देश में राजनीतिक बयानबाजी को 'शांत' करने का समय आ गया है।

बाइडन ने इसी के साथ देशवासियों से राष्ट्रीय एकता का आह्वान करते हुए कहा, हमें अब एक साथ खड़ा होना चाहिए। कल पेंसिल्वेनिया में डोनाल्ड राइट की रैली में हुई घटना को हम सभी से एक कदम पीछे हटाते हुए, इस समस्या को सुलझाने का प्रयास करती है कि हम कहां हैं और यहां से आगे कैसे बढ़ें। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि एक गोली मार दी गई और एक अमेरिकी नागरिक पर केवल अपने चुने हुए उम्मीदवार का समर्थन करने की स्वतंत्रता का प्रयोग करने के चलते गोली से हमला किया गया। बाइडन ने कहा कि हमें अमेरिका में इस रास्ते पर नहीं चलना चाहिए। हम अपने पूरे इतिहास में पहले भी ऐसी कई घटनाओं को झेल चुके हैं, लेकिन अब ये सब बंद होना चाहिए। अमेरिका में इस तरह की हिंसा के लिए किसी भी तरह की कोई जगह नहीं है।

एक निर्दोष अमेरिकी नागरिक के मारे जाने से संयुक्त राज्य अमेरिका की जनता क्षुब्ध है और लोगों में गुस्सा है. यही कारण है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश के नाम जो संबोधन किया उसमें राजनीति में हिंसा की घोर निंदा की। बाइडेन ने तत्काल ट्रंप की सुरक्षा चाक–चौबंद रखने के निर्देश सीक्रेट सर्विस को दिए हैं। दुनिया के सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने ट्रंप पर हमले की कड़ी निंदा की है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, 'अपने मित्र डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की में कड़े शब्दों में निंदा करता हूं'। उन्होंने आगे कहा, लोकतंत्र और राजनीति में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। फ्रांस, ब्रिटेन और इटली में सरकार के प्रमुखों ने डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को निंदनीय बताया है।

यहां आपको बता दें कि अमेरिका में गन खरीदने रखने और निशाने बाजी का अभ्यास करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है वहां कोई भी नागरिक बाजार में अन्य सामान की तरह गन खरीद और रख सकता है। यहां गौर तलब है कि अमेरिका के चार पूर्व राष्ट्रपति हत्यारों की गोलियों का निशाना बन चुके हैं। अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की 1865 में हत्या कर दी गई थी। लिंकन के बाद एम. गाफ़ील्ड और विल्यम मैकनले की भी हत्या की गई वहीं 1963 में अमेरिका के 35 वें राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। अमेरिका में राष्ट्रपति पद हेतु चुनाव लड़ रहे कई राष्ट्रपतियों को निशाना बनाया गया। एक सदी पहले डेमोक्रेटिक पार्टी के एक प्रत्याशी रॉबर्ट एफ केनेडी की 1912 में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। रोनाल्ड रीगन और थेडोर रूजवेल्ट की भी हत्या की कोशिश हुई। जाहिर है कि अमेरिकी राजनीति में हिंसा की बीमारी सदियों पुरानी है। वहीं अमेरिकी राजनीति पर नजर रखने में कुशल राजनीतिक पंडितों का इस हमले को लेकर विचार है कि ट्रंप को इसका राजनीतिक फायदा मिलेगा, क्योंकि ट्रंप कई बार अपनी रैलियों में अपराध व हिंसा बढ़ने का मुद्दा उठाते रहे हैं। ऐसे में उनके ऊपर हुई गोलीबारी ने इस मुद्दे को गरमा दिया है। उधर गोलीबारी के बाद ट्रंप ने बिना एक क्षण गंवाए गोली चलने के बाद हवा में अपनी मुट्ठी उठाकर नारा लगाते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया वह भी खुद में मिसाल है। हमले के बाद ट्रंप भीड़ की ओर देखते नजर आए। कान से चेहरे तक खून टपकता रहा, लेकिन वह लोगों से लड़ने की अपील करते रहे। ट्रंप की यह मजबूती छवि नवंबर में होने वाले चुनावों को निश्चित रूप से प्रभावित करेगी। इस चुनाव में ट्रंप को काफी फायदा होगा। ट्रंप और बाइडेन में कांटे की टक्कर बताई जाती थी, लेकिन प्रेसिडेंशियल डिबेट के बाद ट्रंप का कद थोड़ा बढ़ गया था। अमेरिका से खबरें आ रही थीं कि इस बार ट्रंप की जीत पक्की है, लेकिन अब इस हमले के बाद ट्रंप खुद को एक बड़ा प्रवर्तक और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी साहस व हौसला बनाए रखने वाले बतौर स्थापित करने में सफल रहे हैं। इस घटना के बाद उनका राजनीतिक वजूद बढ़ गया है।

ट्रंप को अब तक डेमोक्रेटिक नेता राजनीतिक हिंसा करवाने वाले के तौर पर पेश करते रहे, लेकिन पेनसिल्वेनिया में हुई गोलीबारी के बाद अब रिपब्लिकन पार्टी बाइडेन को टारगेट बना सकती है। इससे कई राज्यों में ट्रंप के प्रति सहानुभूति की लहर पैदा हो सकती है। इस हमले का रिपब्लिकन पार्टी के नेता पूरा फायदा उठाना चाहेंगे, क्योंकि जो बाइडेन के खिलाफ पहले से ही डेमोक्रेटिक पार्टी के अंदर आवाज उठ रही है। वहीं, उनकी हेल्थ को लेकर भी चुनाव नहीं लड़वाने की कई नेता मांग भी कर रहे हैं। इससे समर्थकों के बीच मनोबल टूट रहा है. ऐसी स्थिति में ट्रंप को बड़ा फायदा मिल सकता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का दुनिया ने लोहा माना देश में मजबूत व अकल्पनीय काम हुए : सीपी जोशी

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के विकास को चार चांद लगेंगे
- बजट में गांव, गरीब, किसान, युवा सहित हर वर्ग के उत्थान और कल्याण के काम समाहित : सीपी जोशी

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी आज झुंझुनूं जिले के दौरे पर रहे जहां उन्होंने जिला कार्यालय में विभिन्न संगठनात्मक बैठकें कर कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया और पदाधिकारियों के साथ विधानसभा उप चुनाव सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। जयपुर से झुंझुनू जाते समय रास्ते में विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सीपी जोशी के स्वागत की तैयारी कर रखी थी, परंतु झुंझुनू के लाल के शहीद होने के कारण उन्होंने कहीं भी स्वागत नहीं करवाया। सीपी जोशी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जिला कार्यालय में वृक्षारोपण भी किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रत्येक जिले में मंडलों और शक्ति केन्द्र सहित विभिन्न संगठनात्क बैठकें होनी है। जिनमें पुराने कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की योजना सहित अनेक विषयों पर चर्चा होगी। आगामी दिनों में पार्टी ने जो कार्यक्रम तक किए है उन्हें लेकर रचना बनी है, व्यापक रूप से उन कार्यक्रमों को करने का निर्णय लिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस में सबसे बड़ा अंतर यह है कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो चुनाव जीतने के बाद लगातार सरकार के कामों को जनता के बीच पहुंचाने के लिए सेतू का काम करती है। भाजपा कार्यकर्ता सेवा कार्यों के साथ ही रचनात्मक कार्य भी करते रहते है। इसके विपरीत कांग्रेस सिर्फ चुनाव के समय ही जनता के बीच जाती है, प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तब कोरोना काल के समय सबने देखा कि सरकार होटलों में बैठी रही जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजन को सुविधाएं



पहुंचाई, सेवा कार्य किए। कांग्रेस ने सालों तक सिर्फ वादे और नारे दिए, भाजपा ने जो कहा उससे ज्यादा करके दिखाया। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया था, लेकिन अब जनता इनका असली चेहरा जान चुकी है। आज भी राजस्थान की जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस सालों में जो अकल्पनीय काम हुए और किस प्रकार देश मजबूत हुआ यह सभी ने देखा, दुनिया ने लोहा माना।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान की आधारशीला रखने वाले बजट की प्रदेश की जनता, भाजपा जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और विपक्ष के लोग भी तारीफ कर रहें है। बजट से प्रदेश के विकास को चार चांद लगेंगे, इसमें गांव, गरीब, किसान युवा सहित हर वर्ग के उत्थान और कल्याण के काम को समाहित किया है। वर्तमान समय में देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो इसके लिए विधानसभा उप चुनाव में जनता भाजपा को अपना स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद देगी।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, संतोष अहलावत, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश भड़ाना, जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी व जनप्रतिनिधिगण एवं पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# कुष्ठ प्रभावितों का अखिल भारतीय अधिवेशन 18 को, राजपाल करेंगे उद्घाटन



**चमकता राजस्थान**

जयपुर। सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम द्वारा कुष्ठ प्रभावितों के सामाजिक जीवन के सशक्तिकरण हेतु एक दिवसीय अखिल भारतीय अधिवेशन 18 जुलाई को प्रातः 11:30 बजे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम के अध्यक्ष सुरेश कॉल ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे और अध्यक्षता पूर्व राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक करेंगे। अधिवेशन आयोजित करने का उद्देश्य कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवारों की वर्तमान स्थिति जीवन यापन की स्थिति में सुधार तथा पुनर्वास गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

अधिवेशन में डॉ डी आर मेहता अध्यक्ष भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, आई सी श्रीवास्तव संरक्षक सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम, के एल जैन अध्यक्ष राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स और डॉक्टर निकिता सारा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुष्ठ रोग मिशन विशिष्ट अतिथि होंगे।

उन्होंने बताया कि इस अधिवेशन में 18 राज्यों के लगभग 42 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अधिवेशन में सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति इस में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए कुष्ठ प्रभावितों के सशक्तिकरण, समावेश, आजीविका सृजन, कुष्ठ रोग के प्रति व्याप्त भेदभाव को समाप्त करना जैसे विषयों पर विचार विमर्श कर भविष्य की योजनाओं और कार्य योजना तैयार की जाएगी ताकि कुष्ठ प्रभावितों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके।

## न्यूट अपडेट

# विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के कारण हो सकता है बड़ा हादसा



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)**। बाड़ी उपखण्ड की कई कालोनियों में विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था के कारण विद्युत विभाग की केवल दे रही है मौत को नौता। एक मामला अभी कृष्णा कॉलोनी संत नगर रोड बाड़ी में मीरा लाइब्रेरी के पास का मामला सामने आया है ! विद्युत पोल की ऊंचाई 25 फुट और तारों की ऊंचाई 8 फिट के लगभग है ! कृष्णा कॉलोनी संत नगर रोड बाड़ी मीरा लाइब्रेरी के सामने विद्युत लाइन के झूलते तार, इस गली में होकर निकलती हैं ! स्कूल के बच्चों से भरी गाड़ियां झूलते तारों के नीचे होकर गुजरती है ! विद्युत विभाग के तार दे रहे है, हादसे को नोता। विद्युत विभाग की केवल लगभग 10 जगह से टूटी हुई है, जिससे आए दिन शॉर्ट सर्किट होते रहते हैं, कृष्णा कॉलोनी संत नगर रोड बाड़ी के निवासियों का कहना है ! कि कई बार हमने मौखिक रूप से विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत करा दिया है, मगर आज तक इस ओर विद्युत विभाग की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया गया है, विद्युत विभाग एवं शासन प्रशासन नहीं दे रहा है ! इसे और ध्यान, अगर जनहानि होती है ! तो शासन प्रशासन शासन प्रशासन की होगी पूरी जिम्मेदारी, इस मौके पर कई लोग बाग एकत्रित हुए शिव सिंह ठेकेदार, पवन मीणा उमरेह वाले, विजेंद्र सिंह ठेकेदार, अन्य कॉलोनी के लोग !

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण




**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)**। सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद के मार्गदर्शन में रेखा यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर द्वारा हाऊसिंग बोर्ड धौलपुर में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया तथा वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, आवास, चिकित्सीय सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया गया! तथा इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों, रसोई घर, शौचालय, स्नान गृह इत्यादि का भीअवलोकन किया तथा उपस्थित स्टाफ को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये !

# पचलंगी ओम शिव गौशाला में गायों के लिए की स्वामणी

**चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी, ( सुमेर सिंह राव )**। उपखंड क्षेत्र के पचलंगी गांव में स्थित ओम शिव गौशाला परिसर में गायों के लिए स्वामणी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' पचलंगी द्वारकेश्वर महादेव मंदिर के भामाशाह एवं सूरत प्रवासी सुनील गोयल के सानिध्य में हुआ गौशाला परिसर में गायों के लिए स्वामणी कार्यक्रम का आयोजन ओम शिव गौशाला के संरक्षक एवं राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने कहा कि गोयल परिवार का समाज सेवा में हमेशा महत्वपूर्ण योगदान रहता है। गौशाला सरक्षक मदनलाल भावरिया ने बताया कि गोयल परिवार के सुनील गोयल की तरफ से एक साल में गौशाला में चार स्वामणी का कार्यक्रम करवाया जाता है 'इस दौरान राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष एवं गौशाला संरक्षक मदनलाल भावरिया, द्वारकेश्वर महादेव मंदिर के भामाशाह एवं सूरत प्रवासी सुनील गोयल, महेंद्र, ओम शिव गौशाला के अध्यक्ष रामलाल बडसरा,गौशाला व्यवस्था राकेश मटोलिया, सुरेश चोटिया,पाचु राम जांगिड़, अनिल गोयल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## राजस्थान आवासन मंडल के नाम एक और उपलब्धि

# एक साथ 2 राष्ट्रीय पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर**। राजस्थान आवासन मंडल के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। आवासन आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जा रहे बेहतरीन कार्यों को सम्मानित किया गया है। राजस्थान आवासन मंडल को इंडियन बिल्डिग कांग्रेस की ओर से 2 प्रतिष्ठित पुरस्कार दिए गए है।

**मंडल को 2 प्रतिष्ठित आईबीसी अवॉड्र्स**

राजस्थान आवासन मंडल को इंडियन बिल्डिग कांग्रेस के 2 प्रतिष्ठित आईबीसी अवॉड्र्स फॉर एक्सीलेंस 2023-24 से सम्मानित किया गया है। आवासन मंडल को मानसरोवर जयपुर में एक्सपोजिशन ग्राउंड के साथ फाउंटेन स्क्वायर के लिए ट्रॉफी मिली है। साथ ही जयपुर के प्रताप नगर में अखिल भारतीय सेवा रेजीडेंसी के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र से राजस्थान आवासन मंडल को




सम्मानित किया गया है।

**टीम की मेहनत, लगन, ईमानदारी को मिला सम्मान-आयुक्त**

आवासन आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में बोर्ड द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए मानेकशॉ कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में ये सम्मान दिया गया है। इस खास मौके पर श्री इंद्रजीत सिंह ने कहा है कि ये आवासन मंडल की पूरी टीम की मेहनत, लगन और ईमानदारी को सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी आवासन मंडल की ओर से इसी तरह नई-नई योजनाएं लाई जाती रहेंगी और सरकार की मंशा के अनुसार हर व्यक्ति को अपना घर देने का संकल्प पूरा किया जाएगा।

**गुणवत्ता और समबद्धता का परिणाम-चीफ इंजीनियर**

राजस्थान हाउसिंग की ओर से एडिशनल चीफ इंजीनियर प्रतीक श्रीवास्तव और हंसराज डुपका ने ट्रॉफी प्राप्त की। इस मौके पर चीफ इंजीनियर श्री अमित अग्रवाल ने कहा कि आवासन मंडल की ओर से किए जा रहे आवास निर्माण में गुणवत्ता और समयबद्धता पर फोकस किया जाता है। इसी का परिणाम है कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सम्मान मिले हैं।

**अपने घर का सपना हो पूरा, यही मंडल का मकसद-सचिव**


इस मौके पर आवासन मंडल के सचिव डॉ. अनिल पालीवाल ने कहा कि प्रदेश में हर व्यक्ति को अपना घर देने का जो संकल्प राज्य सरकार का है, उसे पूरा करने के लिए मंडल लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि मंडल का हर अधिकारी और कर्मचारी अपनी पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। इस सम्मेलन के दौरान एडिशनल चीफ इंजीनियर प्रतीक श्रीवास्तव को प्रतिष्ठित इंडियन बिल्डिग कांग्रेस की गवर्निंग काउंसिल के लिए भी चुना गया।

# आज निकाले जाएंगे उदयपुरवाटी में ताजिया

**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी**। कस्बे में आज सुबह 10:00 बजे जुम्मा मस्जिद वार्ड नंबर 23 मोहर्रम मस्जिद से बाहर आएंगे और ढोल ताशा के साथ पुरानी अनाज मंडी मिडिल स्कूल पोस्ट ऑफिस पुलिस थाना घूमचक्कर होते हुए शाम 7:00 बजे कर्बला पहुंचेंगे। इस मौके पर ढोल ताशा के कलाकार अपना प्रदर्शन करेंगे और डाढ़ पटा खेल के प्रदर्शन भी किया जाएगा 3:30 बजे मिडिल स्कूल के पास ताजदार कमेटी की ओर से उदयपुरवाटी विधायक उदयपुरवाटी उपखंड अधिकारी उदयपुरवाटी तहसीलदार पुलिस थाना अधिकारी नगर पालिका अध्यक्ष नगर पालिका पार्षद एवं अखाड़ा के खलीफा, ताजदार कमेटी के अध्यक्ष इन सब का माला पहना के और साफा बंधवा के नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। मुस्लिम समाज की ओर से निशुल्क शरबत की छबील की जगह-जगह स्टॉल लगाई जाएगी।

## मंडल रेल प्रबंधक व वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में

# आगरा मंडल में लगातार अवैध वेंडिंग के विरुद्ध कार्यवाही



**चमकता राजस्थान, आगरा**। आगरा रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आगरा अमित आनंद के निर्देश पर अभियान चलाकर अवैध वेंडिंग की कई वस्तुएं पकड़ी, जिसमें अभियान के दौरान अनाधिकृता/ अनब्रांडेड पानी या खाने की पैक्ड वस्तुए पकड़ी जा रही है दिनांक :-15. जुलाई 24 को मंडल के अवैध वेंडिंग रोकथाम स्क्वाड टीम द्वारा गाड़ी संख्या 20404 प्रयागराज एक्सप्रेस में अनाधिकृत पानी की बोतले जब्त की गयी ! इसका मुख्य उद्देश्य खराब गुणवता की ×खाद्य सामग्री, ओवर चार्जिंग पर रोक लगाना है ! इसके तहत स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खानपान इकाईयों पर उचित मूल्यों पर पानी एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध हो जिससे यात्रियों के साथ ओवर चार्जिंग जैसी घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके !जनसंपर्क अधिकारी कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया की अवैध वेंडरों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही हैं ! जिससे खराब गुणवता की खाद्य सामग्री, ओवर चार्जिंग पर रोक लगायी जा सके, रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है ! कि वे अधिकृत वेंडर एवं हॉकर्स से ही खाने-पीने की वस्तुएं खरीदें।

## 'पधारो आपणो पार्क' जयपुर में स्पिनी का नया इनोवेशन


# स्पिनी ने कार की खरीद-बिक्री के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए जयपुर, राजस्थान में लॉन्च किया स्पिनी पार्क

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर**। राजस्थान के उपभोक्ताओं के लिए कार की खरीद बिक्री के अनुभव को बेहतर बनाने के प्रयास में भारत में सैकण्ड हैण्ड कारों के लिए अग्रणी फुल-स्टैक प्लेटफॉर्म स्पिनी ने अपने छठे स्पिनी पार्क का उद्घाटन किया। अजमेर रोड़, भांकरोटा, जयपुर में स्थित यह आधुनिक हब राजस्थान में कारों की खरीद-बिक्री के तरीके को पूरी तरह से बदल देगा। 3 एकड़ क्षेत्रफल में फैले स्पिनी पार्क में 500 से अधिक स्पिनी अश्योर्ड, बजट और मैक्स लक्ज़री कारें उपलब्ध हैं। ऐसे में यहां आने वाले आगंतुकों को खुले एवं आरामदायक माहौल में अपने सपनों की कार देखने, चुनने और टेस्ट ड्राइव लेने का मौका मिलेगा। राजस्थान में गुणवत्तापूर्ण सैकण्ड हैण्ड कारों की बढ़ती मांग को देखते हुए उपभोक्ताओं को कार की खरीद का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए कंपनी ने यह विस्तार किया है। स्पिनी पार्क न सिर्फ कारों की खरीद-बिक्री के अनुभव को बेहतर बनाएगा बल्कि इनोवेशन एवं स्थायित्व के लिए स्पिनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप क्षेत्र में नौकरियां उत्पन्न कर समुदाय के विकास को भी बढ़ावा देगा।

गुलाबी नगरी के जीवंत सार को अपनाते हुए स्पिनी इस बात को समझता है कि कार खरीदना हर किसी के लिए अनूठा अनुभव होता है। हर स्पिनी पार्क को स्थानीय संस्कृति और स्थानीय लोगों की पंसद को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया जाता है। जयपुर में भी हम उपभोक्ताओं की विभिन्न ज़रूरतों और महत्वाकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कारों की रेंज लेकर आए हैं। जयपुर स्पिनी पार्क, का माहौल यहां आने वाले आगंतुकों को शहर के बेजोड़ आतिथ्य का अनुभव प्रदान करेगा।

रीटेल स्पेस के दायरे से आगे बढ़कर स्पिनी पार्क, कार की खरीद-बिक्री से जुड़े हर पहलु को कवर करता है, सेंटर में कार के नवीकरण के लिए सभी सुविधाओं से युक्त शीर्ष पायदान का पूर्ण स्वामित्व वाला इंटीग्रेटेड क्वालिटी सेंटर है। ऐसे में कारों की खरीद को प्रीमियर बनाकर यह पार्क क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन जाएगा। 2 साल पहले जयपुर में अपनी शुरूआत करने के बाद स्पिनी ने हर माह 300-400 लेनदेन पूरे




**स्पिनी पार्क, 3 एकड़ में फैले एक्सपीरिएंस सेंटर में 500 से अधिक स्पिनी अश्योर्ड, बजट एवं मैक्स लक्ज़री कारों के साथ कार की खरीद-बिक्री को देगा नया आयाम**

किए हैं, और आज यह स्थानीय सैकण्ड हैण्ड कार मार्केट का 10 फीसदी से अधिक हिस्सा बनाता है। इस अवसर पर स्पिनी के सीईओ एवं संस्थापक नीरज सिंह ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''हमने दो साल पहले जयपुर में अपनी यात्रा शुरू की और यहां के उपभोक्ताओं ने जिस तरह से हम पर भरोसा किया है, उसके लिए हम उनके आभारी हैं। हम हमेशा से पारदर्शिता, गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के अनुभव में सर्वोच्च मानक स्थापित करने के लिए प्रयासरत रहे हैं। स्पिनी पार्क का लॉन्च उपभोक्ताओं को कार की खरीद-बिक्री का सुगम एवं संतोषजनक अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम इस असाधारण सेंटर में उपभेक्ताओं का स्वागत करने और उन्हें उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए बेहद उत्सुक हैं।

स्पिनी जयपुर के सिटी हैड जशन बजाज ने कहा, ''हर परिवार के जीवन में कार का विशेष स्थान होता है। उदयपुर, अलवर, अजमेर, सीकर, जोधपुर और कोटा से हमारे उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। राजस्थान का यह नया सेंटर एक साल की वारंटी के साथ 500 से अधिक उच्च गुणवत्ता की कारें उपलब्ध कराएगा, उद्योग जगत में पहली बार लाई गई पहल के तहत इस वारंटी को 2 साल तक बढ़ाया भी जा सकता है। इसके अलावा पूर्ण स्वामित्व वाला इंटीग्रेटेड क्वालिटी सेंटर सुनिश्चित करता है कि हर कार 200 पॉइन्ट्स की जांच से होकर गुज़रे और साथ ही उपभोक्ताओं को 5 दिनों की मनी-बैक गारंटी भी दी जाती है। तीव्र लोन अनुमोदन प्रक्रिया एवं आकर्षक ब्याज़ दरों के साथ उपभेक्ता एक ही दिन में अपना लोन अनुमोदन करा सकते है। आप जयपुर या आस-पास के किसी शहर में रहते हैं तो आप सेंटर में आकर खरीद या एक्सचेंज कर सकते हैं और कुछ ही घण्टों के भीतर नई स्पिनी कार लेकर जा सकते हैं।' स्पिनी पार्क ऐसा गंतव्य है जो इनोवेशन, भरोसे के साथ कार की खरीद का अनुभव को सही मायनों में संतोषजनक एवं खुशनुमा बना देगा। स्पिनी कहता है, पधारो आपणो पार्क!!

स्पिनी देश भर में 57 से अधिक कार हब्स का संचालन करता है, जहां 20,000 से अधिक कारों को पार्क करने की सुविधा है। इसके अलावा डीलर पार्टनर्स के लिए भी 5 हब्स हैं। स्पिनी ने पिछले साल बैंगलुरू में भारत के प्रमुख और सबसे बड़े एक्सपेरिएंशियल हब का लॉन्च भी किया था। साथ ही 2023 में पुणे, कोची और अहमदाबाद में स्पिनी पार्क खोले गए।

स्पिनी प्लेटफॉर्म पर मौजूद हर स्पिनी अश्योर्ड कार 200-पॉइन्ट के इन्स्पेक्शन चैकलिस्ट, 5 दिन की नो-क्वेश्चन मनी बैक गारंटी और 1 साल की आफ्टरसेल्स वारंटी के साथ आती है, जो ब्राण्ड के पारदर्शिता, सुविधा, भरोसे एवं गुणवत्ता के वादों पर खरी उतरती हैं। पिछले दो सालों में स्पिनी के उपभोक्ताओं की संख्या 2 लाख के आंकड़े को पार कर चुकी है और इनमें से तकरीबन 54 फीसदी कारें स्पिनी के ऑनलाईन प्लेटफॉर्म से खरीदी गई हैं।

एक नजर

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खातियों की ढाणी में नवीन कक्षा कक्षा का हुआ शिलान्यास

● विद्यालय के सहयोग में भामाशाहों का योगदान बहुत जरूरीः दीप सिंह यादव



चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी।( सुमेर सिंह राव )। उपखंड क्षेत्र के पचलंगी गांव के पास खातियों की ढाणी में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खातियों की ढाणी झड़ाया नगर में मंगलवार को जन सहयोग से बनने वाले कक्षा कक्षा का पूर्ण विधि विधान से भूमि पूजन हुआ ' विद्यालय के प्रधानाचार्य दीप सिंह यादव ने बताया कि विद्यालय में जन सहयोग से कक्षा कक्षा का निर्माण करवाया जाना है ' इसके लिए मंगलवार को पंडित पवन जोशी द्वारा विधि विधान से पूजा करवा कर रामचंद्र शेखावत, संत बक्श सिंह शेखावत,बंशीधर शर्मा आदि प्रबुद्ध जनों द्वारा नींव लगाकर शिलान्यास किया गया ' इस अवसर पर संस्थाप्रधान दीप सिंह यादव ने सभी ग्राम वासियों का जन सहयोग से तीसरा कक्षा कक्ष बनवाने पर आभार व्यक्त किया ' कार्यक्रम में संतबक्श सिंह शेखावत , सेवानिवृत अध्यापक ओमप्रकाश बबेरवाल, रामचंद्र गुर्जर, रामनिवास डंडिया, रामावतार गुर्जर, बीरबल गुर्जर आदि ग्रामीण जन मौजूद रहे ' विद्यालय स्टाफ से व्याख्याता योगेश शर्मा, प्रवीण कुमार,तरुण कुमार, प्रकाश टेलर, रामगोपाल मीणा, अमित रोलान ने आगंतुक ग्रामीणों , भामाशाहों का आभार व्यक्त किया ।

## जियो सिनेमा पर पेरिस ओलंपिक 2024 का सबसे व्यापक कवरेज

sports 18 | PARIS 2024 | JioCinema
OFFICIAL BROADCASTER AND STREAMING PARTNER

चमकता राजस्थान। मुंबई। वायकॉम 18, पेरिस ओलंपिक 2024 के आधिकारिक प्रसारण और डिजिटल साझेदार, ने भारत में अब तक का सबसे व्यापक ओलंपिक कवरेज प्रस्तुत करने की घोषणा की है। 26 जुलाई से शुरू होने वाला यह कवरेज जियो सिनेमा पर मुफ्त में उपलब्ध होगा।

जियो सिनेमा पर 20 फीड्स के माध्यम से दर्शक अपने पसंदीदा खेल का आनंद ले सकेंगे। इस बार, ओलंपिक कवरेज 17 खेलों और 3 क्यूरेटेड फीड्स के साथ 4 में उपलब्ध होगी, जिसमें अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाएं शामिल हैं।

भारतीय पदक क्षणों की लाइव कवरेज, खिलाड़ियों के परिवारजनों के साक्षात्कार और विशेषज्ञों की टिप्पणियों का भी प्रसारण किया जाएगा।

वायकॉम 18 स्पोर्ट्स के कंटेंट हेड सिद्धार्थ शर्मा ने कहा, ?हमारी प्रस्तुति दर्शकों को केंद्र में रखकर भारतीय एथलीटों की शानदार यात्रा दिखाने पर आधारित है।?

साक्षी मलिक, विजेंदर सिंह, सानिया मिर्जा, सोमदेव देववर्मन, मुरली श्रीशंकर और परुपल्ली कश्यप जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस प्रस्तुति का हिस्सा होंगे। जियो सिनेमा की ब्रांड और क्रिएटिव मार्केटिंग प्रमुख शगुन सेडा ने बताया, ''हमने 'दम लगा के हईशा!' कैंपेन फिल्म के माध्यम से ओलंपिक की शक्ति को दर्शाने का प्रयास किया है, जो हर दर्शक को खेलों से प्रेरित करेगा।''

इस व्यापक कवरेज में भारतीय प्रशंसकों के लिए विशेष कार्यक्रम, भारतीय खिलाड़ियों की उल्लेखनीय प्रस्तुतियाँ और ओलंपिक इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएं भी शामिल हैं।

## युवक की संदेहास्पद मौत ,राइस मिल मालिक पर हत्या का आरोप

नवादा । नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के अधंरवारी गांव में स्थित राइस मिल में संदेहास्पद परिस्थिति में मंगलवार को एक युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक राइस मिल में गार्ड की नौकरी करता था। परिजन ने राइस मिल के मालिक पर युवक की हत्या कर देने का आरोप लगाया है। मृत युवक की पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के बलिया बुजुर्ग गांव निवासी सुरेंद्र सिंह का पुत्र साजन कुमार के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि युवक रजौली अधंरवारी गांव स्थित संतोष सिंह के राइस मिल में गार्ड का नौकरी करता था। मृतक के परिजन ने बताया कि राइस मिल का मालिक संतोष सिंह युवक की हत्या कर युवक के शव को अपने निजी वाहन से लेकर उसके घर गांव लेकर पहुंच गया।

# ममता का कैबिनेट में फेरबदल का फैसला

संवाददाता

कोलकाता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कैबिनेट में फेरबदल का फैसला किया है। नए सूत्रों के मुताबिक वह इस फैसले को दो दिन के अंदर लागू कर देंगे। फेरबदल के इस चरण की चर्चा तीन कैबिनेट मंत्रियों को लेकर हो रही है। इनमें से एक उत्तर बंगाल से, एक दक्षिण बंगाल से और आखिरी दक्षिण कोलकाता से है। उनके अलावा नवनिर्वाचित विधायकों में से किसी को कैबिनेट में जगह मिलेगी या नहीं, इस पर भी चर्चा हो रही है।



राजनीतिक हलकों के मुताबिक, राजभवन-नबान्न टकराव के दौरान अगर किसी नए व्यक्ति को कैबिनेट में लिया जाता है तो राज्यपाल उसे शपथ दिलाएंगे। लेकिन मुख्यमंत्री पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि जब तक सीवी आनंद बोस वहां रहेंगे तब तक वह राजभवन नहीं जायेंगे। ऊपर से राज्यपाल के मुख्यमंत्री के खिलाफ मानहानि के मुकदमे ने स्थिति को और भी खराब कर दिया है। मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में राजभवन में शपथ लेने का तृणमूल में कोई भी 'सपना' नहीं देखता। इसलिए संभावना है कि फिलहाल कोई नया चेहरा कैबिनेट में नहीं आएगा। बल्कि मुख्यमंत्री किसी नए को कैबिनेट में लाने के बारे में तभी सोच सकते हैं जब राज्यपाल के तबादले को लेकर केंद्र और राज्य प्रशासन में प्रक्रिया प्रभावी हो। इस मामूली फेरबदल से पहले, ममता ने कई शीर्ष नौकरशाहों की स्थानांतरण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। पता चला है कि इस तरह के ऑफिस में और भी बदलाव होंगे ।

बराकपुर से सांसद बनने के बाद पार्थ भौमिक ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। नैहाटी विधायक पार्थबाबू सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग के मंत्री थे। हालांकि,

उन्हें कैबिनेट से हटाने का फैसला लेने का अधिकार सिर्फ मुख्यमंत्री को है। फेरबदल के इस चरण में उनके आदेश पर सिंचाई मंत्री का पद खाली रहेगा। नबान्न सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री इस पद के लिए अनुभवी मानस भुइया के नाम पर विचार कर रहे हैं। मंसबू को ममता के दौर में केलेघई-कपालेश्वरी परियोजना के कार्यान्वयन सहित सिंचाई संबंधी विभिन्न मामलों का अनुभव है। यहां तक कि बहुप्रतीक्षित घाटल मास्टर प्लान, जिसे मुख्यमंत्री ने राज्य के अपने खजाने से लागू करने का फैसला किया है, के लिए भी ममता को अपने कैबिनेट सहयोगी पर भरोसा है। मंत्री होने के साथ-साथ उनकी पार्टी आयोजक के रूप में भी 'प्रतिष्ठा' है। इन्हीं को ध्यान में रखते हुए सिंचाई विभाग के लिए मंसाबू के नाम पर चर्चा हो रही है। सूत्र ने बताया कि इस चरण में उत्तर बंगाल में एक कैबिनेट मंत्री को फेरबदल भी लगभग तय है। व्यवहार में यह है कि उन्हें एक गैर-पारंपरिक शक्ति के रूप में कार्यालय की जिम्मेदारी मिल सकती है। उसी दिन ममता ने उस विभाग के मुख्य सचिव को भी बदल दिया। नबान्न के सूत्रों ने कहा कि इन दोनों के अलावा, दक्षिण कोलकाता से (भाजपा के माध्यम से) चुने गए एक मंत्री को कार्यालय बदल सकते हैं। उन्हें कम महत्वपूर्ण औद्योगिक पुनर्गठन कार्यालय देने पर विचार किया जा रहा है।

## समुद्र में नहाते समय डूबे तीन दोस्त, दो का शव बरामद

पूर्व मेदिनीपुर। जिले के मंदारमणि समुद्र तट पर स्नान करते समय तीन दोस्त डूब गए। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मृतकों के नाम कौशिक मंडल और समर चक्रवर्ती हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छह दोस्त दुर्गापुर से मंदारमणि गए थे। मंगलवार सुबह कई लोगों ने उन्हें समुद्र में उतरते देखा। फिर वे धीरे-धीरे दूर चले गये और पानी में डूबने लगे। उस वक्त उन्हें बचाने की कोशिश की गई, तीन दोस्तों को तो बचा लिया गया लेकिन बाकी तीनों को बचाया नहीं जा सका। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, एक व्यक्ति अभी भी लापता है। दो और लोगों को बड़रंकुआ ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मृतकों के नाम कौशिक मंडल और समर चक्रवर्ती हैं। सूचना मिलने के बाद मंदारमणि कोस्टल थाने के ओसी समेत पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

## पांच करोड़ रुपये के फेंसिडिल कफ सिरप की भारी खेप जब्त, दो गिरफ्तार



एजेंसी

कोलकाता। कूचबिहार जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के घुघुमारी में एक बड़ी कार्रवाई में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने पांच करोड़ रुपये के मूल्य की भारी मात्रा में फेंसिडिल कफ सिरप जब्त की। एसटीएफ के एसपी इंद्रजीत बसु ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने मंगलवार अपराह्न बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने एक 14-पहिया ट्रक को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आम के बड़े लदान के नीचे छिपा हुआ 37 हजार 500 बोतलों का फेंसिडिल कफ सिरप मिला। इस मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सुनीत मिश्रा (21) और लवकुश कौल (20) शामिल हैं, जो दोनों उत्तर प्रदेश के रेव के निवासी हैं। ट्रक का पंजीकरण नागालैंड का है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कोचबिहार कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान तस्करी रैकेट के बारे में और जानकारी मिलेगी। इस बड़ी सफलता के बाद, पुलिस ने तस्करी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अपने अभियान को और तेज करने का संकल्प लिया है। पुलिस के अनुसार, इस प्रकार की कार्रवाई से मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने में मदद मिलेगी।

## संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक



एजेंसी

समस्तीपुर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंगलवार को की गईबैठक में प्रमुख रूप से बाढ़ संभावित क्षेत्रों में ऊंचे आश्रय स्थलों का चयन, बाढ़ की स्थिति में नाव की उपलब्धता एवं निजी नविको के साथ निबंधन की स्थिति की समीक्षा की गई । बाढ़ आश्रय स्थलों की भौतिक स्थिति की जांच कर आवश्यकता अनुसार उनकी मरम्मती करने, राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पॉलिथीन शीट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने ,पूल और नालों की साफ सफाई करने, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ जिला अस्पताल में भी आकस्मिक की स्थिति से निपटने हेतु सभी प्रकार की दवाओं की उपलब्धता को लेकर निर्देश दिया गया। सभी प्रकार की तैयारियों, सड़कों की मरम्मती, नियंत्रण कक्ष की स्थापना, मवेशियों हेतु चारे की उपलब्धता एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई एवं सभी संबंधित पदाधिकारी को समय पूर्व सभी तैयारी पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया । अन्य विभागों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में तथा क्षेत्रीय पदाधिकारी अपने संबंधित अनुमंडल प्रखंड एवं अंचलों से जुड़े हुए थे।

## बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बिजली मिस्त्री की हुई मौत



एजेंसी

किशनगंज। जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के बेसरबट्टी पंचायत के बूटीझाड़ी गांव में बिजली विभाग के लापरवाही के कारण करेंट लगने से एक बिजली मिस्त्री की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर बवाल किया। घटना से आक्रोशित लोगों ने कई किलोमीटर तक शव को स्ट्रेचर पर लेकर प्रदर्शन करते हुए एनएच को भी जाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली मिस्त्री कपूर गणेश चुरली पावर हाउस सटडाउन लेकर ट्रांसफार्मर पर चढ़े थे, इसी दौरान अचानक लाइन चालू हो जाने से बिजली मिस्त्री को करंट ने अपने चपेट में ले लिया और उसकी मृत्यु घटना स्थल पर हो गई, स्थानीय लोगों की मदद से मृतक को ठाकुरगंज अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया है। इस घटनाक्रम से चारों तरफ अफरा तफरी मच गया है। घटना से बिजली विभाग के प्रति लोगो का गुस्सा फुट चुका है। आक्रोशित परिजनो और ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरगंज से मृतक के शव को लेकर नगर पंचायत ठाकुरगंज के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए पिपरिथान चौक के समीप एनएच 327ई पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। जहां परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बिजली विभाग के खिलाफ नारे लगा रहे है।

## रेलवे ने सियालदा स्टेशन परिसर पर दखल व उसे जंगलमुक्त करने का निर्णय लिया

संवाददाता

कोलकाता। गांधीगिरी, हां इसे सियालदा डिवीजन अपनाएगा। स्टेशन परिसर पर दखल और जंगलमुक्त करना। इसके लिए इस डिविजन के लोग जाकर अवैध कब्जेदारों को परिसर खाली करने के लिए मनाएंगे और जो लोग परिसर में गंदगी फैला रहे हैं उनसे गंदगी न करने का अनुरोध भी करेंगे। यदि वह काम नहीं करता है, तो रेलवे अधिनियम में जो है उसके अनुसार हम आगे बढ़ेंगे।' ये अचानक फैसला क्यों? सियालदा डिविजन के कार्यरत एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'फिलहाल सियालदा से प्रतिदिन 12 लाख यात्री यात्रा करते हैं। जब मेट्रो रेल हावड़ा से सेक्टर पांच तक जाएगी तो हर दिन लगभग 8 लाख यात्री सियालदा से होकर यात्रा करेंगे। परिणामस्वरूप, कुल संख्या 20 लाख है। हालाँकि, स्टेशन क्षेत्र में जगह-जगह फेरीवालों के




अलावा, कई दुकानदार स्टेशन के बाहर आते हैं और नियमित रूप से स्टेशन क्षेत्र में कचरा छोड़ देते हैं। इसे रोकने के लिए हमने तय किया कि पहले उन्हें समझाकर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाए। अगर उससे काम नहीं चलता तो इन मामलों में रेलवे कानून में जो कहा गया है उसका पालन किया जाएगा। ' सियालदा डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक दीपक निगम पहले ही सियालदा स्टेशन क्षेत्र को खाली कराने में मदद के लिए कोलकाता नगर पालिका और उत्तर 24 परगना के जिला गवर्नर को पत्र लिख चुके हैं। पता चला है कि कोलकाता नगर पालिका ने अधिकारियों से कहा है कि कचरा साफ करने की जिम्मेदारी लेने के बावजूद वे बेदखली के मामले में सहयोग नहीं कर पाएंगे। अधिकारी ने कहा कि लगभग पूरे राज्य में रेलवे स्टेशनों और स्टेशनों के आसपास की जगहों पर कब्जा किया जा रहा है और वहां अस्थायी दुकानें बनाई जा रही हैं। हालाँकि हमने कुछ स्थानों को मुक्त करा लिया, लेकिन हम यह सब नहीं कर सके।

## मुहर्रम के नवमी पर शहर में निकला जुलूस

भागलपुर। जिले भर के विभिन्न इमामबाड़ों से सोमवार को मुहर्रम के नवमी पर विभिन्न इमामबाड़ों से जुलूस निकाला गया। धार्मिक परंपरा के अनुसार मुहर्रम के नवमी तारीख को इमामबाड़ों से जुलूस निकाली गई। जिसमें शामिल युवाओं के द्वारा लाठी डंडा का प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ जगह जगह पर तलवार और भाला का भी प्रदर्शन किया गया। कोतवाली चौक, सराय चौक, बरारी, इशाकचक, बरहपुरा, ततारपुर सहित शहर के विभिन्न इमामबाड़ा से जुलूस निकाला गया। जिले के पुलिस पूरे जुलूस में ड्रोन कैमरे से निगरानी कर रहे थी। जिससे हुड़दंग करने वाले युवकों में इसका खौफ देखा गया। वहीं हर एक चौक चौराहा पर पुलिस बाल सहित मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। हर एक क्षेत्र के थाना के थाना अध्यक्ष अपने दल बल के साथ अपने क्षेत्र में मौजूद रहे। ताकि मोहर्रम जुलूस में किसी तरह की व्यवधान ना हो।

## महिला तृणमूल पार्षद ने की युवा तृणमूल नेता की पिटाई

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता नगर निगम के 18 नंबर वार्ड की तृणमूल पार्षद सुनंदा सरकार पर पार्टी के ही युवा नेता की पिटाई का आरोप लगा है। युवा तृणमूल नेता के पिटाई का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हिन्दुस्थान समाचार विडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता। हालांकि विडियो वायरल होने के बाद तृणमूल पार्षद की चौतरफा आलोचना हो रही है। आरोप है कि इलाके में हो रहे अवैध निर्माण और असामाजिक गतिविधियों का विरोध करने के कारण पार्षद ने तृणमूल कांग्रेस के युवा नेता केदार दास की पिटाई की। विपक्ष ने इस घटना की निंदा की है।



हाल ही में बेहाला के तृणमूल कांग्रेस पार्षद सुदीप पल्ली पर आरोप लगे थे कि उनके अनुयायी चर्च और नर्सिंग कॉलेजों में घुसकर धमकी दे रहे हैं। घटना के तुरंत बाद, कलकत्ता के डिप्टी मेयर अतीन घोष के करीबी एक पार्टी नेता पर उत्तर कोलकाता के सिंथी इलाके में एक स्थानीय प्रमोटर की पिटाई का आरोप लगा था। इसके बाद अवैध निर्माण और विभिन्न असामाजिक गतिविधियों का विरोध करने पर वार्ड नंबर 18 की तृणमूल पार्षद सुनंदा सरकार पर तृणमूल कांग्रेस के युवा नेता केदार दास की जमकर पिटाई करने का आरोप लगा है। हालांकि आरोपित पार्षद ने मंगलवार को मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केदार ने उनके पति पर हमला कर दिया जिसमें उनका सिर फूट गया।

### मोहर्रम पर्व को लेकर 277 स्थानों में की गई मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति

# असामाजिक तत्त्व पर कार्रवाई को लेकर दिया निर्देश

एजेंसी

किशनगंज। जिले में शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाये जाने को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर कुल 277 स्थानों में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। असामाजिक तत्त्व पर कार्रवाई को लेकर थानाध्यक्षों को दिशा निर्देश दिया गया है। पूर्व की बैठक में यह निर्देश दिया गया था कि बिना लाइसेंस मुहर्रम के दौरान कोई भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा। तय रूट में ही जुलुस निकाला जाना है। सभी संवेदनशील एवं



महत्वपूर्ण स्थानो पर मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। उपद्रवी व अफवाह फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी तुषार सिंगला एवं जिला पुलिस कप्तान सागर कुमार ने संयुक्त आदेश निर्गत कर मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने को लेकर दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। एसडीएम लतीफुर रहमान अंसारी व एसडीपीओ गौतम कुमार व्यवस्था की मोनेटरिंग करेंगे। ठाकुरगंज थानाक्षेत्र में एसडीपीओ टू व्यवस्था की मोनेटरिंग कर रहे हैं। पर्व में सुरक्षा व्यवस्था की मोनेटरिंग जिला को लेकर जिला व प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष आपदा कार्यालय परिसर में बनाया गया है। जिसका नंबर 06456-225152 है। वहीं प्रखंड स्तरीय नियंत्रण कक्ष प्रखंड के मुख्य थानों में होंगे। नियंत्रण कक्ष मंगलवार को सुबह 6 बजे से कार्यरत है। एसपी सागर कुमार ने कहा कि मोहर्रम शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। मोहर्रम के जुलूस के मार्ग की जानकारी पूर्व से ही ली जा रही है एवं सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म व्हाट्सएप, फेसबुक इंस्टाग्राम पर निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि उपद्रवी तत्वों व अफवाह फैलाने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल एवं जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष पूरी गतिविधियों पर नजर बनाए रखेगा। सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए साइबर सेल गठित है। वही मोहर्रम से दो दिन पूर्व भी एसडीएम लतीफुर रहमान अंसारी, एसडीपीओ गौतम कुमार व सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार व्यवस्था का जायजा ले रहे थे।

## मिहिर उपाध्याय ने कोलकाता में अपनी नवीनतम कृति मेरी सखी का अनावरण किया

संवाददाता

कोलकाता। मशहूर फिल्म निमार्ता मिहिर उपाध्याय ने हाल ही में कोलकाता की अपनी यात्रा के दौरान अपनी नवीनतम कृति मेरी सखी का अनावरण किया। गोल्डन मीडिया द्वारा निर्मित यह फिल्म महिलाओं और साड़ियों के बीच स्थायी संबंध को खूबसूरती से दर्शाती है। अपनी मार्मिक कहानियों के लिए मशहूर उपाध्याय ने भावनात्मक कहानी कहने के माध्यम से इस अनोखे रिश्ते की खोज की है।

मेरी सखी में अरुण गौरीसरिया की भावपूर्ण कविताएँ हैं और इसे एमी-नामांकित अभिनेत्री शेफाली शाह ने सुनाया है, जो एक गहन



सिनेमाई अनुभव का वादा करता है। उपाध्याय ने फिल्म के लिए अपने दृष्टिकोण को उन महिलाओं की ताकत, लचीलापन और सांस्कृतिक महत्व के लिए श्रद्धांजलि के रूप में व्यक्त किया, जो गर्व के साथ साड़ी पहनती हैं। एक अंतरंग चर्चा में उपाध्याय ने साड़ी की भूमिका को सिर्फ एक परिधान के रूप में ही नहीं बल्कि पहचान और विरासत के प्रतीक के रूप में भी बताया। उन्होंने प्रत्येक दृश्य को इस तरह से गढ़ा कि वह महिला के जीवन में इसके बहुआयामी प्रतीकवाद को दर्शा सके। अरुण गौरीसरिया की कविता हमेरी सखीर को गहराई प्रदान करती है, जिसमें साड़ी को जीवन की खुशियों और चुनौतियों के दौरान एक विश्वासपात्र और साथी के रूप में दर्शाया गया है। उनकी कविताएँ विभिन्न पीढ़ियों की महिलाओं के अनुभवों से मेल खाती हैं, जो साड़ी की बहुमुखी प्रतिभा और भावनात्मक प्रतिध्वनि का जश्न मनाती हैं।



## क्या शादी करने जा रही हैं जान्हवी कपूर! सोशल मीडिया पर साझा किया सीक्रेट

राधिका-अनंत अंबानी की शादी के सभी फंक्शन में जान्हवी कपूर का हर एक लुक लाजवाब रहा। इन दिनों जान्हवी अपनी आगामी फिल्म उलझ को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म उलझ के प्रिव्यू के दौरान जब उनसे पैपराजी ने पूछा कि वह शादी कब कर रही हैं, तो उस पर जान्हवी का रिएक्शन देखने लायक था। दरअसल, आज सुबह जान्हवी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंटाग्राम पर एक स्टोरी साझा की थी, जिसमें उन्होंने लिखा, दोस्तों मेरे पास एक सीक्रेट है, इंतजार नहीं कर सकती आपसे साझा करने के लिए। इसी पोस्ट को लेकर जब जान्हवी से पैपराजी ने सवाल किया कि आखिर वो रहस्य क्या है बताइए, तो जान्हवी ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए कहा, क्या आप पागल हो गए हैं? जब उनसे इस सीक्रोट के बारे में बार-बार पूछा गया तो उन्होंने कहा, आपको कल यानी 16 जुलाई को पता चल जाएगा। जान्हवी का यह शानदार रिएक्शन अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह सवाल उनसे उलझ के प्रिव्यू में पूछा गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जान्हवी पिछले कई सालों से शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। दोनों को अक्सर साथ में घूमते, इवेंट्स में शामिल होते और मंदिर जाते देखा गया है। ऐसा लगता है कि यह अब कोई रहस्य नहीं रह गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जान्हवी ने शिखर को अपना सपोर्ट सिस्टम बताया था। आगे जान्हवी ने यह भी बताया था कि जब वे 15 या 16 साल की थीं, तब से शिखर उनके जीवन में हैं और वे बहुत करीब हैं। जान्हवी ने आगे कहा, मुझे लगता है कि मेरे सपने हमेशा उसके सपने रहे हैं और उसके सपने हमेशा मेरे सपने रहे हैं। हम एक-दूसरे का सपोर्ट सिस्टम रहे हैं, लगभग ऐसा लगता है जैसे हमने एक-दूसरे को पाला है।

उलझ एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन सुधांशु सरिया ने किया है और इसे जंगली पिक्चर्स के तहत विनीत जैन ने इस फिल्म का निर्माण किया है। यह एक युवा आईएफएस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती कहानी है, जिसके परिवार में देशभक्तों की विरासत है और वह अपने घर से बहुत दूर एक खतरनाक व्यक्तिगत साजिश में उलझ जाती है। यह फिल्म 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## श्वेता त्रिपाठी शर्मा को वास्तविक जीवन से अलग किरदारों की तलाश

बॉलीवुड अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी शर्मा इन दिनों काफी चर्चा में हैं। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई मिर्जापुर सीजन-3 में उनके काम को काफी सराहा जा रहा है। उन्होंने वो अपने आसपास लगातार ऐसे किरदारों और कहानियों की तलाश में रहती हैं, जो उनकी वास्तविक जिंदगी से बिल्कुल अलग होती है। मेरी निजी जिंदगी मिर्जापुर में निभाए गए किरदार से बिल्कुल अलग है। मैं एक बेहद जिंदादिल और खुशमिजाज लड़की हूं और हमेशा ऐसे ही रहना चाहती हूं। श्वेता ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद से दर्शकों की रूचि में काफी बदलाव हुए हैं। वो अलग तरह का सिनेमा पसंद कर रहे हैं। एक कलाकार होने के नाते मैं उन कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हूं, जिसमें ड्रामा हो, किरदार में दर्द और गुस्सा जैसी भावनाएं हो। मैं स्क्रीन पर अपने किरदार को जीने और उसे अनुभव करने की कोशिश करती हूं। बता दें कि श्वेता त्रिपाठी शर्मा ने मिर्जापुर वेब सीरीज में गोलू का किरदार निभाया है। सीरीज में गोलू अपनी बहन स्वीटी गुप्ता और प्रेमी बबलू पंडित की मौत का बदला लेना चाहती है। उसे कालीन भैय्या और उसके बेटे मुन्ना त्रिपाठी से बदला लेने के लिए हथियार उठाना पड़ता है। गोलू के किरदार को पहले और दूसरे सीजन में दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब, तीसरे सीजन में भी गोलू के किरदार को पसंद किया जा रहा है।



## बैड न्यूज के प्रमोशन के बीच विक्की, तृप्ति और एमी ने किया दिल्ली मेट्रो का सफर

विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की नई फिल्म बैड न्यूज सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। ऐसे में फिल्म का जोर-शोर से प्रचार किया जा रहा है। फिल्म के कलाकार अलग-अलग शहरों में जाकर इसका प्रमोशन कर रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे। इसी बीच बैड न्यूज के कलाकारों ने दिल्ली मेट्रो में जाकर फिल्म का प्रमोशन किया है।

### किया दिल्ली मेट्रो का सफर

अभिनेता विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क ने अपनी आगामी फिल्म बैड न्यूज के प्रचार के दौरान शहर भर में यात्रा करने के लिए दिल्ली मेट्रो का सहारा लिया। मेट्रो में यात्रा करते हुए कलाकारों की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आई हैं। कलाकारों ने इस प्रमोशन के दौरान न केवल फैंस से मुलाकात की बल्कि मेट्रो में मौजूद हर किसी का ध्यान भी अपनी ओर खींचा है।

### यात्रियों से कलाकारों ने की बातचीत

कैजुअल स्टाइलिश आउटफिट पहने विक्की, तृप्ति और एमी मेट्रो के अंदर हंसी-मजाक करते नजर आए। उन्होंने यात्रियों से भी बातचीत की। हाल ही में, दोनों कलाकारों ने दिल्ली में मीडिया से बातचीत की। इसी कार्यक्रम के दौरान विक्की ने अपनी अभिनेत्री पत्नी कैटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी की अफवाहों को भी खारिज कर दिया है।

## मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल में होगा सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज का प्रीमियर



बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। अपनी कई फिल्मों से वे लोगों के दिलों में खास जगह बनाने में कामयाब रही हैं। एक्टिंग के अलावा वे डांस के लिए भी काफी मशहूर हैं। यही नहीं, अभिनेत्री सोशल मीडिया पर अपने फनी वीडियोज को लेकर भी काफी पॉपुलर हैं। अब सान्या अपनी फिल्म मिसेज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएंगी। बता दें कि अभिनेत्री की फिल्म मिसेज का मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में प्रीमियर होगा। सान्या की फिल्म 'मिसेज' साल 2021 में आई निर्माता जियो बेबी की मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचेन' का हिंदी रूपांतरण है। फिल्म एक डांसर की जिंदगी पर आधारित थी, जिसकी शादी एक ऐसे परिवार में हो जाती है, जो खुले विचारों का नहीं है। उस पर घर के काम करने के लिए दबाव बनाया जाता है। अंत में वह इसका विरोध करती है। फिल्म की कहानी में सान्या का किरदार शादी के बाद अपनी पहचान की तलाश में जुट जाती है। इस फिल्म में सान्या के अलावा कंवलजीत सिंह और निशांत दहिया भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, पम्मी बावेजा और हरमन बावेजा ने किया है। बता दें कि अभिनेत्री सान्या ने मिसेज के लिए न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार जीता था। यही नहीं, उन्होंने इस फिल्म के लिए आईएफएफएम 2024 में बेस्ट एक्ट्रेस नॉमिनेशन भी हासिल किया। निर्देशक आरती कदव ने कहा, आईएफएफएम एक लोकप्रिय मंच है। हम यहां मिसेज का प्रीमियर करने के लिए काफी एक्साइटेड। बता दें कि इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 15 से 25 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

## पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म द गोट लाइफ की ओटीटी रिलीज का एलान

साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म आडुजीविथम - द गोट लाइफ मार्च में रिलीज हुई और तुरंत ही बॉक्स ऑफिस पर हिट हो गई। फिल्म को आलोचकों और फिल्म प्रेमियों से सकारात्मक समीक्षा मिली, जो अब तक की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म बन गई। फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया और इसे हटाए जाने के तुरंत बाद फिल्म प्रेमी इसके ओटीटी पर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब दर्शकों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जो लोग सिनेमाघरों में फिल्म देखने से चूक गए हैं, वे इसके ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार अब उनके इंतजार खत्म होने का समय आ गया है, क्योंकि निर्माताओं ने आडुजीविथम- द गोट लाइफ की ओटीटी रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं ने आधिकारिक एलान कर खुलासा किया है कि यह फिल्म इस महीने ओटीटी पर दस्तक देने आ रही है। वास्तविक जीवन की कहानी पर आधारित यह सर्वाइवल ड्रामा 19 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर के लिए तैयार है।



## अनुष्का शर्मा की ब्रिटेन शिफ्ट होने की अटकलें हुईं तेज



बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा इन दिनों फिल्मी दुनिया से दूर अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। वह इन दिनों लंदन में हैं। यहां उन्होंने यूनियन चैपल में कृष्ण दास द्वारा आयोजित कीर्तन में भाग लिया। कृष्ण दास पारंपरिक भारतीय मंत्रोच्चार और संगीत के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 1960 के दशक में अपनी आध्यात्मिक यात्रा शुरू की और भारत की यात्रा की। बाद में वह नीम करोली बाबा के शिष्य बन गए, जिनके अनुष्का शर्मा और विराट कोहली दोनों भक्त हैं। अनुष्का शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कृष्ण दास को टैग करते हुए कीर्तन की तस्वीरें साझा की हैं। विराट और अनुष्का पिछले साल भी लंदन में कृष्ण दास के कीर्तन में शामिल हुए थे। इस दौरान की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आई थीं। इसी बीच विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के फैंस को इस बात का संदेह है कि दोनों लंदन शिफ्ट होने वाले हैं। दोनों के वहां पर होने की वजह से फैंस को और ये लग रहा है कि अनुष्का और विराट अपने दोनों बच्चों वामिका और अकाय को लेकर लंदन चले जाएंगे। विराट ने 2023 में एक ब्रेक लिया और लंदन में अनुष्का के साथ समय बिताया था।




## दुलकर सलमान ने पवन सादिनेनी के साथ साइन की नई फिल्म

दुलकर सलमान अपने प्रशंसकों के बीच बेहद प्रसिद्ध हैं। उनके प्रशंसक उनकी हर एक फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार करते हैं, साथ ही आने वाली फिल्मों की अपडेट पर अपनी नजरें बनाएं रखते हैं। यह इसलिए भी है क्योंकि दुलकर अपनी फिल्मों को लेकर बेहद चूजी हैं। पिछले साल उनकी केवल एक फिल्म किंग ऑफ कोठा रिलीज हुई थी। दुलकर जल्द ही लकी भास्कर में नजर आएंगे। इसे वेंकी अटलुरी ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म में दुलकर सलमान और मीनाक्षी चौधरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं दुलकर ने निर्देशक पवन सादिनेनी के साथ एक नई फिल्म साइन कर ली है। लकी भास्कर का निर्माण नागा वामसी एस और साई सौजन्या ने सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के तहत किया है। इसे श्रीकारा स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत किया गया है। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया था। लकी भास्कर इस साल सितंबर में सिनेमाघरों में तेलुगु, मलयालम, हिंदी और तमिल भाषा में दुनिया भर में रिलीज होगी। दुलकर सलमान की तेलुगु राज्यों में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है और वह अपने प्रशंसकों को खुश करने के लिए लगातार दिलचस्प फिल्में कर रहे हैं। अगली फिल्म लकी भास्कर है, जिसे वेंकी एटलुरी निर्देशित किया जा रहा है। बता दें कि वेंकी एटलुरी एक भारतीय अभिनेता, पटकथा लेखक और फिल्म निर्देशक हैं, जो मुख्य रूप से तेलुगु सिनेमा के लिए ही काम करते हैं। उन्हें 2018 में आई तेलुगु फिल्म थोली प्रेमा के निर्देशन के लिए जाना जाता है। लकी भास्कर को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

फिल्म लकी भास्कर की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह फिल्म सितंबर 2024 में रिलीज के लिए तैयार है। दूसरी ओर, दुलकर ने लोकप्रिय निर्देशक पवन सादिनेनी के साथ एक नई फिल्म भी साइन कर ली है, जो बैक-टू-बैक अपनी हिट वेब सीरीज के लिए पहचाने जाते हैं। यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी और इसे काफी बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा। दुलकर ने पहले भी कई पीरियड फिल्में की हैं और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह भी उसी जॉनर की फिल्म होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वे एक नए पोस्टर के साथ इसकी घोषणा करेंगे। दुलकर सलमान ने एक पोस्टर के जरिए फिल्म लकी भास्कर की रिलीज डेट की घोषणा की थी। रिलीज डेट वाले पोस्टर में दुलकर महंगी कारों की लंबी कतार के पास खड़े दिखाई दिए। फॉर्मल ड्रेस पहने और रेट्रो वाइब दिखाते हुए, बैकग्राउंड में एक अखबार भी मौजूद था, जिस पर रिलीज डेट बड़े अक्षरों में लिखी थी। दुलकर सलमान ने लिखा, लकी भास्कर की असाधारण कहानी देखने के लिए तैयार हो जाइए! फिल्म को लेकर प्रशंसक काफी उत्साहित हैं और लकी भास्कर की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं

## बोलने से पहले बहुत सोचते हैं कार्तिक



कार्तिक आर्यन अपनी निजी जिंदगी को लेकर खासा चर्चा में रहते हैं। हाल ही में वह चंदू चैंपियन में नजर आए थे, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी थी। अभिनेता ने एक बातचीत में कहा, मैं अब बहुत गंभीर हो गया हूं, बोलने से पहले मैं बहुत सोचता हूं, मगर लोग उस पर भी नजर रखते हैं। उन्होंने कहा, मुझे विवादों से जुड़ना या उनके बारे में बात करना पसंद नहीं है, मुझे अपना नाम किसी विवाद का हिस्सा बनते देखना पसंद नहीं है, इसलिए चुप रहता हूं। कार्तिक आयर्न का पहला विवाद दोस्ताना 2 को लेकर करण जौहर के साथ सामने आया था। करण के साथ उनके मतभेदों की अफवाहें फैलने लगी थीं, इसके बाद प्रोडक्शन ने फिर से कास्टिंग की घोषणा की थी।

## एक नजर

### स्कूलों की बुनियादी समस्याओं को हल करने की जगह ध्यान भटका रही सरकार : मायावती



**लखनऊ।** सरकारी विद्यालयों में आनलाइन हाजिरी को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार स्कूलों की बुनियादी समस्याओं को हल करने की जगह सिर्फ ध्यान भटकाने का काम कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में जरूरी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव होने के कारण वहाँ बदहाली की शिकायतें आम रही हैं। जिस पर समुचित बजटीय प्रावधान करके उन गंभीर समस्याओं का उचित हल करने के बजाय सरकार उस पर से ध्यान बांटने के लिए केवल दिखावटी कार्य कर रही है, यह क्या उचित आगे उन्होंने कहा कि शिक्षकों की डिजिटल हाज़िरी भी सरकार का ऐसा ही नया कदम लगता है जो जल्दबाजी में बिना पूरी तैयारी के ही थोप दिया गया है।

### रोहतक : जलघर के पास मिला युवक का शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**रोहतक।** गांव खेड़ी साध स्थित जलघर के पास एक युवक शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस ने आसपास लोगों से पूछताछ की, लेकिन इस बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिली। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार दोपहर ग्रामीणों को गांव खेड़ी साध के जलघर के समीप एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। शव पड़ा होने का पता चलने पर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और पुलिस को इस बारे में सूचना दी। मामले का पता चलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया।

### एसपीओ पद पर लगे जवानों की मांगों को लेकर होगा आंदोलन

**रोहतक।** इंडियन पुलिस महासंघ ने निर्णय लिया है कि एसपीओ की मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा और मांगों को लेकर जल्द ही महासंघ के सदस्य राज्यपाल से भी मुलाकात करेंगे। साथ ही इस बारे में प्रदेश स्तरीय बैठक भी बुलाई जाएगी, जिसमें आंदोलन की रुपरेखा तय की जाएगी। मंगलवार दोपहर को इंडियन पुलिस महासंघ की बैठक डॉ मनजीत सिंह दहिया की अध्यक्षता में हुई। डॉ मनजीत सिंह दहिया ने बताया कि उन्होंने हरियाणा पुलिस में तैनात एसपीओ की आठ मांगों को पूरा करवाने के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय व हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दतात्रेय से पुलिस पंचकुला से मुलाकात का समय मांगा है। इंडियन पुलिस महासंघ के पीआरओ डॉ.मनजीत सिंह दहिया ने बताया कि इंडियन पुलिस महासंघ के माध्यम से मुलाकात करके ज्ञापन दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि एसपीआ. कर्मचारी अपनी निष्ठा, लगन व ईमानदारी से हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों में डयूटियां दे रहे हैं।

### मुठभेड़ में दो गौ तस्कर गोली लगने से घायल

**कानपुर।** जनपद के अरौल थाना क्षेत्र में मंगलवार भोर के समय दो गौ तस्कर से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से दोनों घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम गो तस्करी करने वाले गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। पुलिस आयुक्त ने तस्करों की गिरफ्तारी करने वाली टीम को पच्चास हजार का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि बीती 14 जुलाई को अरौल थाना क्षेत्र में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक सड़क किनारे लावारिस एवं खराब खड़ा मिला था, जिसमें गोवंश लदे हुए थे। इस संबंध में अरौल थाने में अज्ञात ट्रक स्वामी एवं चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच और तस्करों की तलाश के लिए पुलिस की तीन टीमों को लगाया गया। मंगलवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त घटना से संबंधित दो अभियुक्त गणों की थाना क्षेत्र अरौल में मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पहुंची पुलिस टीमों ने अभियुक्तों की घेराबंदी की गई। पुलिस टीम को देख गो तस्करों ने जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी।

### सागर : यात्री बस और आयशर ट्रक की भीषण टक्कर, 2 की मौत, कई घायल

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में मंगलवार तड़के यात्री बस और आयशर ट्रक की भीषण टक्कर में घायल दो बस यात्रियों की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में कई घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार तड़के करीब तीन बजे राहतगढ़ थाना क्षेत्र की है। न्यू लोक सेवा ट्रैवल्स की यात्री बस सवारियां लेकर जबलपुर-इंदौर जा रही थी। इस दौरान ग्राम एरन मिजार्पुर के पास सामने से आ रहे आयशर वाहन से टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर पहुंचे एंबुलेंस से घायलों को राहतगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया।

---

आयुर्वेद विवि का दीक्षांत समारोह आयोजित, नैचुरापैथी एवं योग महाविद्यालय भवन का वर्चुअल लोकार्पण

# आयुर्वेद स्वास्थ्य से जुड़ा महती ज्ञान है: कलराज



**जोधपुर। एजेंसी**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्राचीन भारतीय आयुर्वेद चिकित्सकीय ज्ञान को पुस्तकों, शास्त्रों से बाहर लाने और आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार उसे विकसित करने की दृष्टि से कार्य करे। साथ ही विश्वविद्यालय आयुर्वेद के भारतीय विशिष्ट उत्पादों के पेटेन्टीकरण में भी आगे बढ़े। वे मंगलवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय आयुष पद्धतियां, योग, प्राणायाम आदि प्रकृति से जुड़ा जीवन बचाने का ज्ञान है। नवीन अनुसंधानों ने इसे प्रमाणित किया है कि आयुर्वेद असाध्य रोगों में भी बहुत कारगर है। इस ज्ञान का उपयोग जीवन बचाने के लिए कैसे हो, इस पर विश्वविद्यालय कार्य करे। राज्यपाल ने कहा कि आयुर्वेद स्वास्थ्य से जुड़ा महती ज्ञान है। इसका उपयोग गरीब, जरूतमंदों की निःस्वार्थ भाव से सेवा में किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा आईआईटी जोधपुर के साथ मिलकर आयुर्टेक के माध्यम से आयुर्वेद के मनीषियों द्वारा बताए हुए यंत्रो के आधुनिकीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने आयुर्वेद शिक्षा से जुड़े युवाओं से अपनी श्रमशील, संयमशील, उद्यमशील एवं प्रबंधकीय क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए आयुष पद्धति की भारतीय दृष्टि के उदात्तचरित की उत्तरोतर वृद्धि कर पूरे विश्व का नेतृत्व किए जाने पर जोर दिया।

### एक विद्यार्थी को कुल 11 स्वर्ण पदक प्रदान किए

**राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, प्राकृतिक और योग संकाय के 2 हजार 416 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां प्रदान की। उन्होंने विभिन्न संकायों की 10 छात्राओं को और एक विद्यार्थी को कुल 11 स्वर्ण पदक प्रदान किए। इससे पहले उन्होंने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़ को विश्वविद्यालय डी. लिट. की मानद उपाधि प्रदान की।**

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के पंचकर्म विभाग के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सेन्टर ऑफ ऐक्सीलेन्स के निर्माण को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इससे आयुर्वेद पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की आयुष वीजा नीति है, आयुर्वेद के ज्ञान के वैश्विक प्रसार के लिए किए जा रहे कार्यों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद न केवल चिकित्सा पद्धति है अपितु समग्र जीवन पद्धति है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़ ने शिक्षा की प्राचीन भारतीय परंपरा और आयुर्वेद की भारतीय चिकित्सा पद्धति के महत्व और भविष्य की संभावनाओं के आलोक में दीक्षांत भाषण दिया।

2416 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की

राज्यपाल कलराज मिश्र ने विश्वविद्यालय परिसर में नैचुरापैथ एवं योग महाविद्यालय भवन का ऑनलाइन लोकार्पण भी किया। प्रारंभ में उन्होंने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। समारोह में पुलिस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (वैद्य) बनवारी लाल गौड़, कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति, कुलसचिव प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल, प्रबंध मंडल के सदस्य, अन्य निकायों के सदस्य, विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, उपाधि एवं पदक प्राप्त विद्यार्थी सहित उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

---

## पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक है पेड़ों को बचाना : कुसुम कण्डवाल

**ऋषिकेश। एजेंसी**



उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने नगर निगम व वन विभाग द्वारा आयोजित यू आर वन पौधरोपण कार्यक्रम व राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए स्मृति वन में पौधरोपण किया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व शुद्ध प्राणवायु के लिए जितना आवश्यक पेड़ लगाना है, उतना ही आवश्यक पुराने पेड़ों को बचाना भी है। उन्होंने गौरा देवी के चिपको आंदोलन सहित विभिन्न उदाहरण देते हुए सभी को हरियाली व सुख-समृद्धि के प्रतीक देवभूमि उत्तराखण्ड के पौराणिक लोकपर्व हरेला की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस लोकपर्व के अवसर पर प्रकृति संरक्षण की परम्परा को निरन्तर बढ़ाने व प्रकृति को हरा-भरा रखने का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाये रखने में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर धामी प्रकृति संरक्षण के लिए अनेकानेक प्रयास कर रहे हैं। हमें इन सब में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए। कार्यक्रम में एमएनए शैलेन्द्र नेगी ने बताया कि यह पौधरोपण कार्यक्रम 12 जुलाई से 22 जुलाई तक विभिन्न विभिन्न स्थानों पर चलेगा।

## नेपाल: बस दुर्घटना के मृतक और लापता व्यक्ति के परिवार को 10-10 लाख मुआवजे की घोषणा

**काठमांडू। एजेंसी**

नेपाल में गत शुक्रवार को दो यात्रीवाहक बसों के नदी में गिरकर बह जाने से उनमें सवार जिन यात्रियों की मौत हुई है, सरकार ने उन सभी के लिए मुआवजे की घोषणा की है। ओली सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में मृतकों और लापता व्यक्तियों के परिवार के लिए मुआवजे का निर्णय लिया गया, जिसकी विधिवत घोषणा की गई है।

ओली सरकार के प्रवक्ता सूचना तथा संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरूंग ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को हुई बस दुर्घटना में मृतक और लापता सभी 65 यात्रियों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने का फैसला किया गया है। गुरूंग ने बताया कि दुर्घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद अब किसी के भी जिन्दा बचने की उम्मीद नहीं है, इसलिए सरकार ने अब तक मिले शवों के अलावा लापता रहे व्यक्ति को भी मृतक व्यक्ति की तरह मुआवजा देने की बात तय की है।



● शवों को ढूंढने का काम भी किया जा रहा है पर कोई खास सफलता नहीं मिल पा रही है

सरकार ने दुर्घटनाग्रस्त बस के मलबे को ढूंढने और लापता शव बरामद करने के लिए भारत सरकार से औपचारिक आग्रह करने का भी फैसला किया है। जल्द ही भारत से एक टीम आकर नदी में लापता बस और शवों को ढूंढने में मदद करेगी। नेपाल में उपलब्ध सभी तकनीक का प्रयोग कर पिछले पांच दिनों से शवों को ढूंढने का काम चल रहा है। पानी की गहराइयों में साउंड वाइब्रेशन भेज कर भीतर रहे शवों को ढूंढने का काम भी किया जा रहा है पर कोई खास सफलता नहीं मिल पा रही है। इसी बीच सरकार ने दुर्घटनाग्रस्त बसों में रहे चालक दल सहित सभी यात्रियों का विवरण नाम सहित सार्वजनिक कर दिया है। मृतकों में 7 भारतीय नागरिक भी हैं, जो कि बिहार के मोतिहारी और बेतिया के बताए गए हैं।

### प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का पर्व है हरेला: जय किशन

**उत्तरकाशी।** जिलेभर में हरेला पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी जय किशन के नेतृत्व में विभिन्न विभागों ने आईएम क्षेत्र में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की और पारिजात का पौधा रोपित किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उत्तराखंड में हरेला पर्व मनाया जा रहा है। यह प्रकृति को महत्व देने की परंपरा है और हम प्रकृति के विभिन्न रूपों की पूजा करते हैं। हरेला पर्व के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदेश के प्रति लोगों को जागरूक करना है। वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग एवं पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के चलते पर्यावरण संरक्षण का महत्व बढ़ गया है। इस कार्यक्रम को समस्त तहसील क्षेत्रांतर्गत भव्यता से मनाये जाने को लेकर कहा कि पर्यावरण के संरक्षण व संवर्द्धन में हरेला पर्व एक विशेष पहचान रखता है। हम सभी लोगों को पौधरोपण करने के साथ ही पेड़-पौधों की रक्षा करने में किसी भी प्रकार कोताही नहीं बरतनी चाहिये। सीडीओ जय किशन ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम रोपित कर हम सभी इस अर्थ को फलीभूत कर पौधों के संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान अवश्य दें।

## हरियाली व खुशहाली का पर्व है हरेला : डीएम

**हरिद्वार। एजेंसी**

हरेला पर्व पर नगर वन में प्रशासनिक अधिकारियों ने कई स्थानों पर पौधरोपण किया। जिलाधिकारी ने सभी को लोक पर्व हरेला की बधाई दी। हरेला पर्व पर जिले के विकास भवन, तहसील व ब्लॉक परिसरों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालय परिसरों में पौधरोपण किया।

इस मौके पर विधायक मदन कौशिक, रवि बहादुर, आदेश चौहान, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल और एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने भी पौधरोपण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सभी को लोक पर्व हरेले की बधाई देते हुए कहा कि हरेला हरियाली व खुशहाली का पर्व है। पौधरोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा करना भी अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी संस्थाओं की ओर से पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

पौधारोपण के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पौड़ी तथा नैनीताल में डीएम के पद पर रहते हुए जो भी पौधे लगवाए थे, उनका फीडबैक अभी तक लेते रहते हैं। कार्यक्रम में विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, रवि बहादुर, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री दीपक मेहरा व विजय ने भी हरेला पर्व को जीवन व पर्यावरण से जुड़ा बताया है। उन्होंने सभी से पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील की और पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की बात कही। इस मौके पर रुद्राक्ष सहित चौड़ी पत्ती वाले व फलदार पौधों का रोपण किया गया।

## श्रीकेदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट ने मंदिर विवाद पर लगाया विराम, बदला जाएगा नाम

**देहरादून। एजेंसी**

दिल्ली में केदारनाथ मंदिर निर्माण को लेकर विवाद से घिरा ट्रस्ट अब बैकफुट पर आ गया है। ट्रस्ट के फाउंडर ने सफाई देते हुए इस विवाद पर विराम लगा दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केदारनाथ धाम नहीं बन रहा है बल्कि केदारनाथ मंदिर बनाने का विचार है। उन्होंने दिल्ली के मंदिर का नाम बदलने पर भी विचार चल रहा है।



श्रीकेदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट के फाउंडर और राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तराखंड निवासी सुरेंद्र रौतेला मंगलवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। रौतेला ने कहा कि अपनी धर्म-संस्कृति और हिंदू-सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए हमने दिल्ली में केदारनाथ मंदिर की स्थापना करने का विचार बनाया और उसे आगे लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केदारनाथ धाम नहीं बनाया जा रहा बल्कि केदारनाथ मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। उसके बाद भी कुछ लोग इस मुद्दे को तूल देने की कोशिश कर रहे हैं।

सुरेंद्र रौतेला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंदिर निर्माण के भूमि पूजन के लिए गए थे। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी को धर्मरक्षक बताया और कहा कि वो धर्म के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा सुगम तरीके से चलाई है। पूरे उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। ट्रस्ट के अनुरोध पर मुख्यमंत्री धामी भूमि पूजन के लिए गए थे। उनका उस मंदिर से कोई लेना-देना नहीं है। उसमें उनका कोई योगदान नहीं है। ट्रस्ट में उनका कहीं नाम नहीं है और न ही उत्तराखंड सरकार का किसी तरह का योगदान मिला है, न ही ट्रस्ट ने उनसे मांगा है।

ट्रस्ट फाउंडर सुरेंद्र रौतेला ने कहा कि हम एक बार पुनः स्पष्ट कर रहे हैं कि उत्तराखंड में स्थित बाबा केदारनाथ करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं और सदैव रहेंगे। केदारनाथ धाम जहां है, वह सदैव वहीं रहेगा और लोगों की आस्था भी बाबा केदार में उसी प्रकार रहेगी। हम केवल दिल्ली में केदारनाथ मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। यानी भगवान शिव का एक मंदिर बना रहे हैं। ये पहली बार नहीं है, जब बाबा भोलेनाथ का किसी स्थान पर मंदिर बन रहा हो।

**राजनीतिक लाभ के केदारनाथ धाम से जोड़ा जा रहा दिल्ली का मंदिर**

सुरेन्द्र रौतेला ने कहा कि भारत हिन्दू बाहुल्य राष्ट्र है, सनातन परंपरा पर चलने वाला देश है। हमारे यहां तो मंदिरों का निर्माण पवित्र कार्य माना जाता है। हम भी उसी के भागी बनने का प्रयास कर रहे हैं किंतु कुछ लोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए इसे केदारनाथ धाम से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

---

**कार्यक्रम** | **हरेला पर्व पर जिलेभर में हुए कार्यक्रम, पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

# हरेला पर जिले में एक लाख से अधिक पौध लगाने का लक्ष्य

**गोपेश्वर। एजेंसी**

चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर समेत सभी विकास खंडों और ग्राम पंचायत स्तर पर मंगलवार को हरेला पर्व के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से पौधरोपण भी किया गया। हरेला पर्व के दिन जनपद में सभी वन पंचायतों में भी पौधरोपण कार्यक्रम हुए। जिला मुख्यायलय गोपेश्वर में वन प्रभाग के तत्वावधान में राजकीय पॉलिटेक्निक रौली ग्वाड़ में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य विकस अधिकारी अभिनव शाह सहित जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने पौधरोपण किया। इस दौरान अखरोट, अनार, चूरा, हरड़, बहेड़ा और चंदन आदि प्रजाति के फलदार एवं सजावटी पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

● सभी विभागों के सहयोग से हरेला पर्व पर पूरे जनपद में 1.30 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है



मुख्य विकस अधिकारी अभिनव शाह ने हरेला पर्व पर सभी से पेड़ लगाने और उनके संरक्षण के लिए संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और इसके विनाशकारी प्रभावों से बचाने और पर्यावरण संतुलन बनाने में पेड़ पौधे मददगार साबित होते हैं। पौधरोपण से जहां एक ओर हमें स्वच्छ पर्यावरण मिलेगा, वही जल संकट से भी निजात मिलेगी। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक जलस्त्रोतों, नदी एवं सरोवरों के आसपास वृहद स्तर पर पौधरोपण करते हुए उनका संरक्षण भी किया जाए। ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण मिल सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश भट्ट ने कहा कि पयार्वरण संरक्षण में जनपद चमोली ने हमेशा अग्रणी भूमिका रही है। बदरीनाथ के उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे ने कहा कि सभी विभागों के सहयोग से हरेला पर्व पर पूरे जनपद में 1.30 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। घेरवाड़ कर इन पौधों का संरक्षण भी किया जाएगा।

हरेला पर्व पर कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, जल संस्थान, शिक्षा सहित अन्य तमाम विभागों के सहयोग से पूरे जनपद में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया है।

## नेपाल-भारत सीमा विवाद कूटनयिक तरीके से सुलझाना ओली सरकार की प्राथमिकता: देउवा

**काठमांडू। एजेंसी**

नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री डा. आरजू राणा देउवा ने भारत के साथ सीमा विवाद को कूटनयिक तरीके से सुलझाने की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा जैसे सीमा विवाद का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।



विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों को संक्षिप्त प्रतिक्रिया देते हुए डा देउवा ने कहा कि भारत के साथ सीमा समस्या को बिना किसी विवाद के कूटनीतिक तरीके से सुलझाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा जैसे सीमा विवाद को दोनों देशों के इतिहास, भूगोल और नई तकनीक जीपीएस के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।

विदेश मंत्री डा आरजू देउवा ने कहा कि पहले की तरह दोनों देशों के सीमा विवाद का पहले की तरह राजनीतिकरण नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ कूटनीतिक वार्ता के जरिए ही किसी भी विवाद को सुलझाया जाएगा। डा देउवा ने कहा कि नई तकनीक के जरिए अब जीपीएस के जरिए सीमा पर बॉर्डर पिलर रखा जाएगा ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद ना हो।

एक नजर

### विश्व जूनियर स्क्वैश के सेमीफाइनल में पहुंचे शौर्य बावा, अनाहत बाहर




**ह्यूस्टन।** शौर्य बावा विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। इसी के साथ वह कुश कुमार (2014 में) के बाद इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। दिल्ली के 18 वर्षीय खिलाड़ी ने लड़कों के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लो वा-सेर्न को 2-11, 11-4, 10-12, 11-8, 12-10 से हराकर भारत के लिए पदक पक्का कर दिया। 80 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में, बावा पांचवें गेम में 6-9 और 7-10 से पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए 3 मैच बॉल बचाए और जीत हासिल की। अंतिम चार चरण में उनका सामना मिस्त्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से होगा। इस बीच, अनाहत सिंह लगातार तीसरे साल लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। 16 वर्षीय महिला राष्ट्रीय चैंपियन ने नादियन एल्हममी से पांच सेटों में करीबी मुकाबला गंवा दिया, जिसमें मिस्त्र की खिलाड़ी ने 11-8, 11-9, 5-11, 10-12, 13-11 से जीत दर्ज की।

### डब्ल्यूबीबीएल: वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज की मेलबर्न रेनेगेड्स में वापसी



**मेलबर्न।** वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) टीम मेलबर्न रेनेगेड्स में वापस आएंगी, क्योंकि क्लब ने उन्हें एक साल के अनुबंध पर प्री-ड्राफ्ट साइनिंग के रूप में सुरक्षित कर लिया है। मैथ्यूज को पिछले सीजन में काफी धूमधाम के साथ टीम में शामिल किया गया था, जब उन्हें ड्राफ्ट में तीसरे स्थान पर लिया गया था। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए कुछ शानदार प्रदर्शन किए थे, जिसमें नॉर्थ सिडनी ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी शानदार पारी भी शामिल थी। हालांकि, वह 19.61 की औसत से 255 रन और 114.34 की स्ट्राइक-रेट के साथ रेनेगेड्स के लिए एक भूलने वाले सीजन में इसे दोहराने के लिए संघर्ष करती रही, जो केवल दो जीत के साथ सबसे निचले स्थान पर रही, हालांकि वह 27.64 की औसत से 14 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनी। 2024-25 सीजन के लिए रेनेगेड्स की संभावनाओं को चोट के बाद सोफी मोलिनक्स की उपलब्धता से बढ़ावा मिलेगा। टायला व्लामिन्क भी पूरे अभियान से चूक गई और वर्तमान में अनुबंध से बाहर हैं।

### पैराग्वे ने ब्राइटन फॉरवर्ड जूलियो एन्किसो को ओलंपिक फुटबॉल टीम में शामिल किया




**असुनसियोन।** ब्राइटन फॉरवर्ड जूलियो एन्किसो को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पैराग्वे की टीम में शामिल किया गया है। पैराग्वे फुटबॉल संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। 20 वर्षीय खिलाड़ी क्रुजेरो मिडफील्डर फैब्रीज़ियो पेराल्टा की जगह लेंगे, जिन्हें मांसपेशियों की चोट के कारण बाहर होना पड़ा था। इस साल की शुरूआत में एन्किसो को पैराग्वे टीम की अनंतिम सूची में शामिल किया गया था, जिसे इस महीने की शुरूआत में घटाकर 18 खिलाड़ी कर दिया गया था। पैराग्वे की टीम में 23 वर्ष से अधिक आयु के दो खिलाड़ी शामिल हैं: गोलकीपर गैटिटो फर्नांडीज और डिफेंडर फैबियन बाल्बुएना। दक्षिण अमेरिकी टीम ने फरवरी में वेनेजुएला में दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ प्री-ओलंपिक टूर्नामेंट जीतकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। पैराग्वे 24 जुलाई को जापान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा, उसके बाद ग्रुप चरण में इजराइल और माली का भी सामना करेगा।

# गौतमबुद्धनगर के तैराकों ने दिखायी प्रतिभा, कुशीनगर रहा दूसरे नम्बर पर

- लखनऊ के तैराकों ने 165 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया
- बुलंदशहर की आरोही ने तीन गोल्ड जीते



**लखनऊ। एजेंसी**

सब जूनियर और जूनियर स्टेट स्वीमिंग चैंपियनशिप का मंगलवार को समापन हो गया। अंतिम दिन भी प्रदेश के तेरह खिलाड़ियों ने अपने पुराने रिकार्ड तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अर्जुन अवार्डी सुहास एलवाई मौजूद थे और उन्होंने प्रतिभाशाली तैराकों को पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में गौतमबुद्धनगर के तैराक 474 अंक अर्जित कर प्रदेश में अव्वल रहे।

वहीं 244 अंक के साथ कुशीनगर के तैराक दूसरे नम्बर पर तथा स्पोर्टस हॉस्टल लखनऊ के तैराकों ने 165 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हापुड़, एएमयू, बिजनौर, प्रयागराज, सीतापुर, लखीमपुरखीरी और रायबरेली के तैराक फिसड्डी साबित हुए और ये एक अंक भी हासिल नहीं कर सके। वहीं लखनऊ के तैराकों को 61 अंक, मुरादाबाद 35 अंकर भदोही 149 अंक, कानपुर 61 अंक बुलंदशहर को 85, साइ स्पोर्ट्स सेंटर लखनऊ के 140 अंक, गाजियाबाद के 145 अंक और देवरिया के तैराकों को 64 अंक मिले। अयोध्या को 48 अंक, गोरखपुर को 28 अंक, झांसी को 33 अंक मिले।

तैराक के विभिन्न विधाओं में सम्पन्न प्रतियोगिताओं में अंबेडकरनगर की धान्या ने पांच गोल्ड हासिल किए। पुरुष वर्ग में गौतमबुद्धनगर के क्षितिज ने चार गोल्ड और एक सिल्वर, अमेठी के अथर्व ने पांच गोल्ड, कुशीनगर के पियूष कन्नौजिया ने दो गोल्ड और दो सिल्वर, अयोध्या के मानस सिंह ने तीन गोल्ड हासिल किए। वहीं महिला वर्ग में धान्या के अलावा झांसी की जिया यादव ने चार गोल्ड, एक सिल्वर, सांची तिवारी ने चार गोल्ड, एक सिल्वर हासिल किया, जबकि बुलंदशहर की आरोही ने तीन गोल्ड जीते।

## क्रिकेट क्लब ने धूमधाम से मनाया हरेला पर्व, 350 पौधों का हुआ रोपण



**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड सचिवालय क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में देहरादून में आज हरेला त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान 350 फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष अनिल जोशी की अध्यक्षता में शक्ति विहार एनक्लेव रायपुर एवं राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, देहरादून के आस-पास 350 फलदार वृक्ष रोपे गए। इन पौधों में आम, आंवला, नींबू, नीम,चीकू, पीपल, जामुन आदि प्रमुख रहे। इस पुनीत कार्य में क्लब को यू.बी.टी केयर फाउंडेशन, 29 यूके एन.सी.सी बटालियन एवं शक्ति विहार विकास समिति का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में राजेंद्र रतूड़ी, टी.ए.खान, अनिल काला, विनोद शर्मा, टिकराज सिंह, रवि रंसवाल, आशीष रावत, ओमीश कुमार, सुनील मेंदोला, अरविंद राणा, संजय जोशी, राजन जोशी, अनुज शेखर आदि उपस्थित रहे।

## कनाडा के कोच के रूप में दासनायके की बर्खास्तगी की हो रही आलोचना

**नई दिल्ली। एजेंसी**

कनाडा के मुख्य कोच पुबुदु दासनायके महीने के अंत में अपने पद से हट जाएंगे, क्रिकेट कनाडा ने पूर्व श्रीलंकाई और कनाडाई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के अनुबंध को नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया है। दासनायके को पहले ही सूचित किया गया था कि उन्हें टी20 विश्व कप से पहले बर्खास्त किया जाएगा, लेकिन उस समय उस निर्णय की पुष्टि नहीं की गई थी। हालांकि, जुलाई के अंत में दासनायके का अनुबंध समाप्त होने वाला है।

क्रिकबज के अनुसार, क्रिकेट कनाडा ने इसे नवीनीकृत नहीं करने का फैसला किया है। इस निर्णय की कुछ लोगों ने आलोचना की है, खास तौर पर पूर्व अध्यक्ष राजपाल बाजवा ने। बाजवा ने क्रिकबज से कहा कि यह निर्णय क्रिकेट कनाडा द्वारा की गई पिछली गलतियों को दशार्ता है, जो संगठन की भविष्य की दिशा के बारे में चिंताएं पैदा करता है।



उन्होंने आगे कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नए बोर्ड ने पुबुदु को जाने देने का फैसला किया है, जबकि उनके अनुबंध में हमने जो मील के पत्थर तय किए थे, उन्हें पूरा करने का उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। जुलाई 2022 में जब दासनायके कनाडा के कोच के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करने के लिए लौटे, तो कनाडाई टीम एसोसिएट वन-डे प्रतियोगिता के दूसरे टियर,सीडबल्यूसी चैलेंज लीग में खेल रही थी, जिसने 2014 में अपना वनडे दर्जा खो दिया था।

# सुमित ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की, शीर्ष 70 में पहुंचे

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 68वां स्थान हासिल किया है, जो उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। इसी के साथ वह 1973 में इस प्रणाली की शुरूआत के बाद से चौथे सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए।

ऐतिहासिक ग्रैंड स्लैम प्रदर्शनों के बाद नागल पांच पायदान ऊपर चढ़कर शशि मेनन से आगे निकल गए, जिनके नाम सर्वकालिक सूची में संयुक्त रूप से चौथी सर्वोच्च रैंकिंग 71 थी। 26 वर्षीय नागल से आगे सोमदेव देववर्मन (62), रमेश कृष्णन (23) और विजय अमृतराज (18) हैं।

नागल ने फ्रेंच ओपन में पदार्पण किया, लेकिन शुरूआती दौर में हार गए। उन्होंने विंबलडन में पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में भी अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की, लेकिन पहले दौर में ही बाहर हो गए। पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले नागल पिछले पांच वर्षों में विंबलडन पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ मैच खेलने वाले पहले भारतीय हैं। शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी नागल लिएंडर पेस (1992-2000) के बाद ग्रीष्मकालीन खेलों के लगातार संस्करणों में एकल स्पर्धा में जगह बनाने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। भारतीय खिलाड़ी ने इस सत्र में दो चैलेंजर स्पधाएँ हीलब्रॉन और चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीते हैं।

**शीर्ष एटीपी रैंकिग वाले भारतीय टेनिस खिलाड़ी :**

विजय अमृतराज - 18 (1980), रमेश कृष्णन - 23 (1985), सोमदेव देववर्मन - 62 (2011), सुमित नागल - 68* (2024), शशि मेनन - 71 (1975), लिएंडर पेस - 73 (1998), आनंद अमृतराज - 74 (1974), प्रजनेश गुणेश्वरन - 75 (2019), युकी भांबरी - 83 (2018), जसजीत सिंह - 89 (1974)।

### कोलंबियाई फुटबॉल प्रमुख गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कोलंबियाई फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष रेमन जेसुरुन फ्रेंको और उनके बेटे रेमन जमील को मियामी में रविवार को कोपा अमेरिका फाइनल के दौरान हुए झगड़े के बाद मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। हार्ड रॉक स्टेडियम में कोलंबिया और अर्जेंटीना के बीच मैच के बाद मीडिया-एकत्रीकरण क्षेत्र से लोगों को दूर रखने का प्रयास कर रहे कई सुरक्षा गार्डों के साथ पिता-पुत्र की कथित रूप से हिंसक झड़प हुई थी। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, जब सुरक्षा अधिकारी ने जेसुरुन और उसके बेटे को पीछे हटने के लिए कहा तो यह विवाद शारीरिक रूप से बढ़ गया। अधिकारी ने कहा कि दोनों तुरंत क्रोधित हो गए और गार्ड पर चिल्लाने लगे। जेसुरुन ने गार्ड को धक्का दिया, जिसके बाद उसके बेटे ने गार्ड की गर्दन पकड़ ली, उसे मुक्का मारा और उसके सिर पर लात मारी। इसके अलावा, जेसुरुन के बेटे ने कथित तौर पर एक महिला अधिकारी को पकड़ लिया और धक्का दे दिया, जिसने हस्तक्षेप करने की कोशिश की। गिरफ्तारियां कोपा अमेरिका फाइनल के कुछ घंटों बाद हुईं।

# सीपीएल 2024 : सेंट लूसिया किंग्स में शामिल हुए आरोन जोन्स

**नई दिल्ली। एजेंसी**

यूएसए के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आरोन जोन्स, जिन्होंने 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में अपनी दमदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया, को सोमवार को कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 ड्राफ्ट में सेंट लूसिया किंग्स ने खरीद लिया। वह अपने बारबाडोस पासपोर्ट के कारण स्थानीय खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल हुए।

सभी छह टीमों ने ड्राफ्ट के दिन से बहुत पहले ही साइनिंग और रिटेंशन के जरिए अपनी टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों का चयन कर लिया था, जब बाकी टीम पूरी हो गई थी। किंग्स ने ड्राफ्ट में खारी कैंपबेल, जोहान जेरेमिया,




मिकेल गोविया और अकीम ऑगस्टे को भी चुना। दूसरी ओर, सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स ने ड्राफ्ट में काइल मेयर्स को अपनी पहली पसंद के तौर पर चुना और उसके बाद मिकाइल लुइस, रयान जॉन और वीरासामी परमाउल को चुना। मैथ्यू नंदू गत चैंपियन गुयाना अमेजॅन वॉरियर्स में शामिल हो गए, जिन्होंने अपनी टीम को पूरा करने के लिए रेमन रीफर और रोनाल्डो अलीमोहम्मद की ऑल-राउंड जोड़ी को भी चुना।

सीपीएल की सबसे नई टीम एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स ने ड्राफ्ट में पांच खिलाड़ियों रोशोन प्राइमस, जस्टिन ग्रीव्स, जाहमार हैमिल्टन, टेडी बिशप और कोफी जेम्स को चुना, जबकि ट्रिनाबागो नाइट राइडर्स ने केवल दो खिलाड़ियों को चुना, जिसमें उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए नाथन एडवर्ड और शैकर पैरिस को शामिल किया गया।

# वेस्टइंडीज कोच कोली ने गाबा टेस्ट में खिलाड़ियों से किया वापसी का आह्वान

**पर्थ। एजेंसी**

वेस्टइंडीज के कोच आंद्रे कोली ने अपने खिलाड़ियों से कहा है कि वे इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया में दिखाए गए लचीलेपन को इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज में भी दोहराएँ, क्योंकि वे लॉर्ड्स में पहले टेस्ट में पारी की हार का बदला लेना चाहते हैं।

जनवरी में एडिलेड ओवल में, वेस्टइंडीज को दो टेस्ट मैचों में से पहले में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से हराया था, जिसके बाद विंडीज ने गाबा में शानदार जीत के साथ जवाब दिया था, जिसमें शमर जोसेफ ने दूसरी पारी में सात विकेट लिए थे। गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट



से पहले, कोली ने अपने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे विश्वास करें कि वे एजबेस्टन में निर्णायक मैच की तैयारी कर सकते हैं। कोली ने सोमवार को गाबा टेस्ट के बारे में पूछे जाने पर कहा, उन्होंने इससे बहुत सारी सकारात्मक बातें सीखी होंगी। हम कैसे वापसी कर पाए, इसके संदर्भ में, मुझे लगता है कि ऐसा करने के लिए हमने जो प्रक्रिया अपनाई, वह परिणाम से कहीं ज्यादा शक्तिशाली है।

उन्होंने कहा इससे यह बात पुष्ट होती है कि एक सीरीज में आप वास्तव में अच्छी शुरूआत नहीं कर सकते हैं, लेकिन फिर खुद को संभालकर सीरीज में वापसी कर सकते हैं और काफी प्रतिस्पर्धी हो सकते हैं, संभावित रूप से गेम-थ्री निर्णायक के लिए इसे तैयार कर सकते हैं। इसलिए यहाँ पहले टेस्ट से ही नहीं, बल्कि पिछले छह महीनों में हमने जो कुछ भी सामना किया है, उससे भी कुछ सकारात्मक बातें सीखी जा सकती हैं।

## वाणिज्य

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी रिकॉर्ड हाई पर खुले सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुख नजर आ रहा है। कारोबार की शुरुआत ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। शुरूआती कारोबार में मुनाफा वसूली के चक्कर में मामूली बिकवाली भी हुई। लेकिन शेयर बाजार लगातार हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एचसीएल टेक्नोलॉजी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी के शेयर 2.93 प्रतिशत से लेकर 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार



कर रहे थे। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, टाइटन कंपनी, टाटा स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयर 1.21 प्रतिशत से लेकर 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,261 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 977 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,284 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 167.20 अंक उछल कर ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 80,686.54 अंक के स्तर पर खुला।

## थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 16 महीने के उच्चतम स्तर 3.36 फीसदी पर पहुंची

**नई दिल्ली। एजेंसी**

महंगाई के मोर्चे पर लोगों के लिए झटका देने वाली खबर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 16 महीने के उच्चतम स्तर 3.36 फीसदी पर पहुंच गई है।

इससे पिछले महीने मई में यह 2.61 फीसदी पर थी, जबकि अप्रैल में थोक महंगाई दर 1.26 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि जून महीने में थोक महंगाई दर बढ़कर 3.36 फीसदी रही है। मंत्रालय के मुताबिक मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और खनिज तेल सहित अन्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई दर में बढ़ोत्तरी हुई है। हालांकि, जून 2023 में थोक महंगाई दर 4.12 फीसदी रही थी।मंत्रालय के मुताबिक खाने और पीने की चीजों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी की वजह से थोक महंगाई दर में वृद्धि जारी है। आंकड़ों के अनुसार जून महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) भी बढ़कर चार महीनों के अपने उच्चतम स्तर 5.08 फीसदी पर पहुंच गया है। खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों का असर सीपीआई पर भी पड़ा है।

मंत्रालय के मुताबिक जून महीने में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 8.68 फीसदी पर पहुंच गई है, जो मई में 7.40 फीसदी रही थी। वहीं, रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 7.20 फीसदी से बढ़कर 8.80 फीसदी हो गई है। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 0.78 फीसदी से बढ़कर 1.43 फीसदी रही है।

### सैनस्टार लिमिटेड का आईपीओ 19 को खुलेगा

**मुंबई/नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित प्लांट बेस्ड स्पेशल प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी सैनस्टार लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 जुलाई को सब?सक्रिप्?शन के लिए खुलेगा। निवेशक इसमें 23 जुलाई तक निवेश कर सकते हैं। इसका प्राइस बैंड 90-95 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी इसके जरिए 510.15 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 19 जुलाई को खुलेगा। निवेशक 23 जुलाई तक निवेश कर सकेंगे। इसके लिए न्यूनतम मूल्य दायरा 90-95 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के मुताबिक निवेशक इसमें न्यूनतम 150 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। उसके बाद 150 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। सैनस्टार ने कहा कि कंपनी इस आईपीओ के तहत 397.10 करोड़ रुपये के 4.18 करोड़ फ्रेश इक्विटी शेयर जारी करेगी।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों पर दबाव

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मजबूती के साथ बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मुनाफा कमा कर हरे निशान में बंद हुए थे। लेकिन एशियाई बाजार में आज दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार तीसरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,615.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 115.04 अंक यानी 0.63 प्रतिशत उछल कर 18,398.45 अंक के



स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,070.74 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,252.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.26 प्रतिशत की छलांग लगा कर 7,724.32 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

# राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के दायित्व संभालने के साथ ही राजस्थान के राजस्व न्यायालयों में गुणवत्तापूर्ण, त्रुटिविहीन एवं पूर्ण विधिसम्मत रूप से निर्णय पारित

चमकता राजस्थान

अजमेर। राजस्थान में नामांतरण, बंटवारे, रास्ता विवाद ,घोषणात्मक दावे सहित विविध आयामी राजस्व प्रकरणों में त्वरित न्याय की आस लगाये बैठे कृषक समुदाय को राहत प्रदान करने के लिये राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली में सुधार हेतु राजस्व मंडल स्तर से कई नवाचारी गतिविधियों एवं प्रभावी कदमों ने राज्य की राजस्व न्याय व्यवस्था की फिजां बदली है।

राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के मंडल का दायित्व संभालने के साथ ही राजस्थान के राजस्व न्यायालयों में गुणवत्तापूर्ण, त्रुटिविहीन एवं पूर्ण विधिसम्मत रूप से निर्णय पारित किये जाने को लेकर राजस्व मंडल स्तर से विगत तीन वर्ष के काल खंड में उठाये गये कारगर कदमों से निर्णय लेखन व न्यायिक प्रक्रिया में सापेक्ष सुधार देखने को मिला है।

### ● निर्णय लेखन कार्यशालाओं में दी न्यायिक कार्यप्रणाली की सीख

राजस्व मंडल स्तर से अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों में संभाग स्तर से लेकर उपखंड स्तर तक के अधिकारियों की विविध स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित की गई जिनमें निर्णयों के आधारभूत तत्वों एवं विधिक प्रावधानों, नियम एवं विनियमों पर गहन चर्चाएं, वैचारिक आदान-प्रदान, तकनीकी सत्रों में पीठासीन अधिकारियों ने विषय विशेषज्ञों के माध्यम के निर्णय के मूलभूत पहलुओं को समझा और जाना।

### ● सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेखन प्रतियोगिताओं से निर्णयों की परख


पीठासीन अधिकारियों के माध्यम से प्रतिवर्ष पारित किए जाने वाले न्यायिक प्रकरणों की गुणवत्ता जांचने को लेकर पीठासीन अधिकारियों से ही अपने स्तर से पारित निर्णयों में से सर्वश्रेष्ठ निर्णय का चयन कर उन्हें राजस्व मण्डल में सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेखन प्रतियोगिता में शामिल करवाया गया। निर्णयों के विविध पहलुओं यथा भाषा, तनकी, साक्ष्य, त्रुटिविहीनता, समुचित विधिक आधार, तथ्य, उद्धरणों का विषय विशेषज्ञों से परीक्षण करवाते हुए राज्य, संभाग एवं जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए चुना गया। इन तीन वर्षों में संबंधित पीठासीन अधिकारियों को राज्य स्तरीय समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित भी किया गया।

### ● राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता

राजस्व नियमों एवं न्यायालयों की कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार हेतु सुझावों को लेकर मंडल स्तर से तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष पांच वर्गों की निबन्ध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें आईएएस, आरएएस, राजस्व अधिकारी/कर्मचारी, अधिवक्ता एवं आम नागरिक श्रेणी से लेखकों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी निभायी। रचनाओं में दीर्घ अनुभव प्राप्त लेखकों ने उपयोगी सुझाव प्रदान किये। इन रचनाओं का भी राजस्व मण्डल स्तर से गठित समिति ने मूल्यांकन कर प्रत्येक श्रेणी से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयन कर उन्हें राजस्व मण्डल स्तर से राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया भी गया।

### ● न्यायिक प्रक्रिया में सुधार हेतु मंडल का मार्गदर्शन

राजस्व मण्डल के स्तर से न्यायिक प्रक्रिया में सुधार के लिए समय-समय पर राज्य के अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों को परिपत्र जारी कर दिशा निर्देश प्रदान किये गये। इन परिपत्रों में समयबद्धता, नियमों की पूर्ण पालना एवं न्यायिक प्रकरण निस्तारण के लिए आवश्यक एवं निर्णय के मूलभूत तत्वों का विस्तार से उल्लेख किया गया। इसी प्रकार पुलिस अन्वेषण के प्रयोजन से मंडल अथवा अधीनस्थ राजस्व न्यायालय की पत्रावली तलब किये जाने की स्थिति में राजस्व न्यायालयों की व्यवस्था



निर्बाध बनाये रखने संबंधी कारगर प्रक्रिया भी अपनायी गयी।

### ● अन्य राज्यों की कार्यप्रणाली का अध्ययन

राज्य में राजस्व न्यायालयों की कार्यव्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने, प्रकरणों के त्वरित निस्तारण एवं प्रशासनिक ढांचे में सुधार को लेकर राजस्व मंडल स्तर से सदस्यों को मनोनीत कर देश के अन्य राज्यों की न्यायिक कार्यप्रणाली का अध्ययन कराया गया। उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब उत्तराखंड एवं ओडिशा राज्यों की विविधस्तरीय कार्यप्रणाली यथा कोर्ट केस मेनेजमेन्ट सिस्टम, प्रशासनिक एवं न्यायिक व्यवस्था में सुधार संबंधी नवाचारों, न्यायालयों की गुणवत्ता में सुधार आदि के संबंध में तैयार विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर महत्वपूर्ण प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भिजवाये गये हैं।

### ● जीसीएमएस से प्रकरणों का पंजीयन

मंडल स्तर से जनरलाइज्ड कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम के तहत जीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन राजस्व प्रकरण दर्ज कराने की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे अभिभाषक किसी भी स्थान से इन्टरनेट का उपयोग करते हुए प्रकरण दर्ज कर पंजीयन हेतु राजस्व मण्डल को अग्रेषित कर सकते हैं।

### ● ई समन व वर्चुअल हियरिंग भी प्रस्तावित

मंडल स्तर से जीसीएमएस पोर्टल से ई समन की सुविधा भी आरंभ करने की महत्वपूर्ण कार्ययोजना प्रस्तावित है इसमें वादी एवं प्रतिवादी को जीसीएमएस पोर्टल के जरिये ऑनलाइन नोटिस भेजे जायेंगे तथा उनकी तलबी रिपोर्ट भी ऑनलाइन ही प्राप्त हो सकेगी। इससे समय एवं श्रम दोनों की बचत होगी व न्यूनतम समय में पूर्ण सुरक्षित ढंग से नोटिस तलब किये जा सकेंगे।

इसी प्रकार जीसीएमएस पोर्टल के जरिये वर्चुअल हियरिंग की सुविधा उपलब्ध कराया जाना भी प्रस्तावित है। इस सुविधा से कॉजलिस्ट बनाते समय प्रत्येक प्रकरण अनुसार संबंधित अभिभाषक को व्यक्तिशः मोबाइल मैसेज अथवा ई मेल के जरिये वीडियो कान्फ्रेसिंग लिंक (मीटिंग आईडी) भेजी जायेगी। लिंक क्लिक कर कम्प्यूटर, लेपटॉप अथवा स्मार्टफोन के जरिए न्यायालय, पक्षकार व अभिभाषक को जोड़कर प्रकरणों की ऑनलाइन सुनवाई किया जाना संभव होगा।

### ● तीन वर्षों में 3.99 लाख प्रकरण निस्तारित

विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्व मण्डल सहित राज्य के संभागीय आयुक्त, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, राजस्व अपील अधिकारी, भू प्रबन्ध अधिकारी पदेन राजस्व अपील अधिकारी, जिला कलक्टर, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी, सहायक कलक्टर, सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), उपनिवेशन, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार आदि अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के माध्यम से लगभग 4 लाख से अधिक राजस्व प्रकरणों का निस्तारण किया जा सका। मंडल अध्यक्ष के स्तर से समय-समय पर आयोजित बैठकों एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रकरणों की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए उनके त्वरित निस्तारण के आदेश भी प्रदान किये गए।

### ● लोक अदालतों से मिली राहत

राजस्व मण्डल में एक और नवाचार के तहत पक्षकारों को त्वरित न्याय सुलभ कराने की दिशा में लोक अदालतें लगाने की व्यवस्था की गई। वर्ष 2022 से लेकर अब तक कुल नौ लोक अदालतें लगायी जाकर कुल 910 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लोक अदालतों की सफलता के लिये अध्यक्ष श्री राजेश्वर सिंह ने स्वयं पूर्व बैठकें लेकर राजस्व बार-बैंच के बीच परस्पर समन्वय स्थापित किया।

### ● ऑनलाइन कार्य से राह हुई आसान

राजस्व मण्डल में प्रशासनिक कार्यों के शीघ्र सम्पादन के मद्देनजर ई-फाइल कार्य को पूर्ण प्राथमिकता से लागू किया गया। ई-फाइल प्रणाली से सभी दस्तावेज सुरक्षित, समयबद्धता एवं पारदर्शिता से भेजना और मंगवाना संभव हो पा रहा है। मंडल में अब तक 30448 फाइल्स ऑनलाइन की जा चुकी है।

इसी क्रम में राज्य में डीआईएलआरएमपी (डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकॉर्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम) के तहत जमाबंदी का सेग्रीगेशन (पृथक्करण) खसरा नक्शों का डिजिटलाइजेशन करते हुए सभी तहसीलों को ऑनलाइन करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत अब तब राज्य की 426 में से 420 तहसीलें ऑनलाइन होकर कार्य कर रही हैं।

### ● प्रदेश में नवीन राजस्व इकाइयों का सृजन

राजस्थान में प्रशासनिक सेवाओं की आमजन तक पहुंच को सहज व सुगम बनाने की दिशा में नवीन राजस्व ग्राम इकाइयों के गठन की स्वीकृति दी गई। इनमें विगत तीन वर्षों के दौरान तीन संभागीय आयुक्त, 17 जिला कलक्टर, 14 अति. जिला कलक्टर, 30 उपखण्ड, 87 तहसील व 126 उप तहसील कार्यालयों के साथ ही 1162 नवीन राजस्व ग्रामों के सृजन की अधिसूचनाएं जारी की गई।

### ● पदोन्नतियां एवं नियुक्तियां

राजस्व मंडल स्तर से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पदोन्नतियों का समय पर लाभ दिलाने को लेकर नियमित रूप से पदोन्नति समिति की बैठकें आयोजित की गई। जिसमें विगत तीन वर्षों में 311 तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के पद पर 82 कार्मिकों को पदोन्नत किया गया। राज्य के 1088 पटवारियों को भू अभिलेख निरीक्षक के पद पर, तहसील राजस्व लेखाकार से सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड-।। पर पर 28 तथा सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड।। से सहायक राजस्व लेखाधिकारी ग्रेड-। के पदों पर 14 कार्मिकों को पदोन्नति प्रदान की गई। वहीं मंडल व मंडल के अधीनस्थ कार्यालयों में मंत्रालयिक संवर्ग के विभिन्न 233 कार्मिकों तथा निजी सहायक से वरिष्ठ निजी सचिव स्तर तक के 17 पदों पर पदोन्नतियां प्रदान की गई।

आलोच्य अवधि में नायब तहसीलदार के पद पर 139 को चयन एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया पूर्ण करवाते नियुक्ति प्रदान की गई वहीं 111 नायब तहसीलदारों को 2 वर्ष के परिवीक्षा काल के तहत नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवधि में 5600 नए पटवारियों की भर्ती एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया पूर्ण करवाते हुए नियुक्ति प्रदान की गई। इसी प्रकार नायब तहसीलदारों की सीधी भर्ती हेतु 292 पदों की अर्थना मंडल स्तर से राजस्व विभाग भिजवाना, वहीं 1963 नए पटवारियों की भर्ती के लिये अर्थना राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड को भिजवाना भी उल्लेखनीय है। राज्य में नए 90 तहसील राजस्व लेखाकारों की भर्ती प्रस्तावित है जिसमें 40 पदों के लिये वित्तीय स्वीकृति सरकार से मिल चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### डोडा में शहीद राजस्थान के दोनों जवानों का बुधवार को होगा पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** जम्मू और कश्मीर के डोडा जिले में सोमवार रात को सैन्य अभियान में शहीद हुए राजस्थान के दोनों सपूतों का बुधवार, 17 जुलाई को उनके पैतृक गांवों में पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया जायेगा।

सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ने बताया कि दोनों शहीद 10वीं राष्ट्रीय राईफल्स(राजपूत) के जवान थे। शहीद जवान बिजेन्द्र झुंझुनू जिले की बुहाना तहसील के ग्राम डुमोली कलां(पोस्ट डुमोली खुर्द) तथा शहीद जवान अजय कुमार सिंह झुंझुनू जिले की बुहाना तहसील के ग्राम भैंसावता कलां(पोस्ट भैंसावता खुर्द) निवासी थे।

### एक पेड़ साँसों के नाम अभियान



**चमकता राजस्थन। जयपुर।** मानव समाज सेवा संस्थान राजस्थान,डायबिटीज रोशनी एवम् फ़िट्योग संस्थान ने मिलकर एक पेड़ साँसों के नाम अभियान के अंतर्गत 51 फल एवम् छायादार पौधे लगाये। संयोजक डॉ सुनील ढन्ड ने जीवन दाता ऑक्सीजन के लिये वृक्षारोपण ज़रूरी बताया। इस अवसर पर अरविंद सिंह,डॉ मुकेश गुप्ता,डॉ ओ पी बालोदिया,रक्षिता नेगी,डॉ स्वेता टिक्कीवाल,संजय अग्रवाल,राम लाल मीना सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने किया महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी

**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)** ।जिला धौलपुर में वर्तमान समय में देखने में आ रहा है कि महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा के मामलो में वृद्धि हुई है! जो कि एक सभ्य समाज के लिए सकारात्मक संकेत नहीं है। जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने इस बात को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुए जिले के आमजन से अपील की है! कि आपके आस-पास किसी महिला के साथ घरेलू हिंसा का मामला जानकारी में आता है! तो आप या घरेलू हिंसा से पीडित महिला बिना किसी भय के धौलपुर पुलिस के जिला कन्ट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 9530411842, 05642-220697, धौलपुर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 8764511201 या महिला सुरक्षा हेल्प लाइन नंबर 1090 पर कॉल कर जानकारी दे सकते है! दी गई जानकारी के बाद पीडित महिला की सुरक्ष और सहायता के लिए पूरी तत्परता से कार्रवाई करेगी। धौलपुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है।

# रंग दे के सहयोग से तैयार हुई 150 महिला उधमी , महिलाओं के सपने हो रहे है पूरे

## मंजरी फाउंडेशन और रंग दे के बीच मे करार

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** एक महिला जब सीमित दायरे के अंदर रह कर अपने सपनों का संसार बनाती है तो उसे आमतौर पर उसकी जिम्मेदारी का हिस्सा मान लिया जाता है। धीरे-धीरे जिम्मेदारियों का यह बोझ उसका आत्मसम्मान और आत्मविश्वास, दोनों तोड़ देता है।

कहते हैं न, आत्मनिर्भर होकर जीने का मजा ही कुछ और है। आप अपनी कमाई को जब अपने तरीके से खर्च करती हैं तो उसका आनंद कई गुना बढ़ जाता है। वर्किंग वुमन रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 70 फीसदी कामकाजी महिलाएं पति के साथ मिल कर घर का खर्च उठा रही हैं। इतना ही नहीं, 30 प्रतिशत महिलाएं तो अपनी आधी सैलरी घर के खर्च में ही लगा देती हैं। यह हिस्सेदारी न सिर्फ आपको सम्मान दिलाएगी, बल्कि आत्मविश्वास से भी भर देगी। इसलिए आप अपनी बनाई गईं दहलीज को लांघकर आगे बढ़ने का रास्ता खोजें और अपने पैरों पर खड़ी हों और अगर इससे आप अपने परिवार का आर्थिक स्तंभ बनती




जा रही है और इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई रंग दे और मंजरी फाउंडेशन ने` रंग दे की सहायता से मंजरी फाउंडेशन ने महिलाओं को रोजगार, छोटे उद्यमी बनने के लिए लोन दिलाना शुरू किया` जिससे गाँवो मे महिला उधमी की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है` सहेली समिति की अध्यक्ष हरप्यारी ने बताया कि बैंको से छोटे से छोटा लोन लेने के लिए बहुत सारी औपचारिकता पूरी करनी पड़ती है बल्कि समय खराब होता है वो अलग, ऐसे मे रंग दे यें महिलाये लोन लेकर न केवल आत्मनिर्भर बन रही है बल्कि अपने परिवार और खुद के सपनो को पूरा कर रही हैं।

सहेली समिति के प्रबंधक पंकज सिंह ने जानकारी देते हुए वताया कि रंग दे से महिलाये अपनी जरूरत के अनुसार 50 हजार से 1 लाख तक लोन लेकर किराना, कॉस्मेटिक, डेयरी, बकरी पालन, सिलाई, आदि से जुड़े कार्य कर रही है` रंग दे से लोन लेने की प्रक्रिया बहुत आसान है` महिलाये छोटे छोटे रोजगार कर हर महीने 8 से 10 हजार तक कमा रही है` कार्यक्रम के इंचार्ज सत्येंद्र सैगर ने बताया कि अभी तक जिले मे 148 महिला उधमी रंग दे की सहायता से तैयार किये जा चुके है जिन्हे लगभग 79 लाख रूपये का लोन दिया जा चुका है` ऑनलाइन ही महिलाये किस्त का भुगतान करती है किसी भी प्रकार की कोई गारंटी न ली जाती हैं दिसम्बर तक 1000 महिला उधमी तैयार किये जायेंगे।

# टैगोर शिक्षा समिति के डायरेक्टर को डॉक्टर की मानक उपाधि से किया सम्मानित




चमकता राजस्थान

### ● संयुक्त राज्य अमेरिका की मैरीलैंड यूनिवर्सिटी ने सतीश शर्मा को डॉक्टर मानक की उपाधि की प्रदान

नदबई (राजवीर सिंह) संयुक्त राज्य अमेरिका की मैरीलैंड यूनिवर्सिटी ने नदबई टैगोर शिक्षा समिति के डायरेक्टर सतीश चंद्र शर्मा को, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु डॉक्टर की मानक उपाधि से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि डॉक्टर सतीश चंद्र शर्मा ने विगत वर्षों से मिनी कोटा कही जाने वाली नदबई को लगातार शिक्षा की नगरी नदबई को देश-प्रदेश में स्वर्णिम पहचान दिलाने में सार्थक योगदान दिया है। जिसकी वजह से संयुक्त राज्य अमेरिका की मैरीलैंड यूनिवर्सिटी ने नदबई शिक्षा नगरी के सिरमौर टैगोर शिक्षा समिति के डायरेक्टर सतीश शर्मा को डॉक्टर की मानक उपाधि से सम्मानित किया गया है। डायरेक्टर सतीश चंद्र शर्मा को डॉक्टर की मानक उपाधि मिलने पर शिक्षा की नगरी नदबई में खुशी का माहौल नजर आ रहा है एवं सभी लोग उनको शुभकामनाएं भी देते हुए नजर आए। कस्बा नदबई के निजी शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों ने टैगोर शिक्षा समिति के डायरेक्टर सतीश शर्मा को इस मौके पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

# अज्ञात बदमाश हथियार दिखाते हुए नगदी व मोबाइल लूट कर फरार

चमकता राजस्थान

नदबई,(राजवीर सिंह)। कस्बे में जनूथर रोड स्थित बाईपास चौराहा के समीप मंगलवार तडके करीब तीन बजे अज्ञात बदमाशों ने शादी समारोह से लौट रहे फूफा-भतीजा को हथियार दिखाते हुए रास्ता रोक लिया। बाद में पुलिस को फूफा-भतीजा से मारपीट कर सोने के आभूषण

### ● हथियार दिखाते हुए मारपीट कर नगदी लूट की घटना से पुलिस गश्त पर सवालिया निशान

सहित नगदी व मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देते हुए मौके से फरार हो गए।

सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर अज्ञात बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास किया। बाद में पीडित कटारा निवासी सुरजीत सिंह पुत्र समयसिंह ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार पीडित सुरजीत सिंह अपने फूफा रामेश्वर सिंह के साथ बाइक पर गांव ऐचेंरा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा। इसी दौरान नदबई बाईपास चौराहा के समीप करीब आधा दर्जन बदमाशों ने हथियार दिखाते हुए रास्ता रोक लिया। बाद में बाइक सवार दोनों फूफा-भतीजा से मारपीट कर करीब 12 हजार की नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण व मोबइल लूटकर फरार हो गए। बाद में पीडित ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

# पंचायती राज जनप्रतिनिधि वार्ड पंच के उप चुनाव की दिनांक घोषित

**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक । श्रीनगर/नसीराबाद।** उप चचनावराज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान जयपुर के पत्रांक/2252 5/7/2024 के प्राप्त निर्देशों के अनुसरण में पंचायत राज संस्थाओं के तहत रिक्त वार्ड पंच पदों के में उप चुनाव के लिए निर्वाचन नामावलियों की तैयारी हेतु श्रीनगर पंचायत समिति के ग्राम पंचायत लवेरा के वार्ड संख्या 7, और तिहारी ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 6 के लिए कार्यवाही की जानी है ।इस बाबत अहर्ता दिनांक 1/1 /2023 के तहत निर्वाचन नामावलियों के पुर्ननिरीक्षण कार्यक्रम निम्नवत प्राप्त हुआ।

**कार्य विवरण.**

1. निर्वाचन नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन 16/ 7 /2024 मंगलवार
2. विशेष अभियान तिथि 21.7.2024 रविवार
3. दावों और आक्षेपो को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26/7/2024 शुक्रवार
4. दावो एवं आक्षेपो क के निस्तारण की अवधि 2/ 8 /2024 शुक्रवार .
5. निर्वाचन एव नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 7/ /8 /2024 बुधवार '

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929